Drishti IAS Presents...

PT SPRINT 2022

शासन व्यवस्था तथा सामाजिक न्याय

(जनवरी 2021 – मार्च 2022)

Multiple Choice Questions

Drishti IAS, 641, Mukherjee Nagar, Opp. Signature View Apartment, New Delhi

Drishti IAS, 21 Pusa Road, Karol Bagh New Delhi - 05

Drishti IAS, Tashkent Marg, Civil Lines, Prayagraj, Uttar Pradesh

Drishti IAS, Tonk Road, Vasundhra Colony, Jaipur, Rajasthan

e-mail: englishsupport@groupdrishti.com, Website: www.drishtiias.com
Contact: 011430665089, 7669806814, 8010440440

प्रश्न

Q.1 लोकपाल के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. स्वीडन में आधिकारिक तौर पर लोकपाल संस्थान का उद्घाटन किया गया।
2. लोकतांत्रिक विश्व में लोकपाल प्रणाली वाला स्पेन पहला वृहत देश बन गया है।
3. लोकपाल और लोकायुक्त (जो एक लोकपाल का कार्य करते हैं) शब्द डॉ एल एम सिंघवी द्वारा गढ़े गए थे।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

प्रश्न 2: 'विश्वविद्यालय अनुदान आयोग' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह यूजीसी अधिनियम, 1956 द्वारा गठित भारत सरकार का एक वैधानिक संगठन है।
2. यह केंद्र और राज्य सरकारों तथा उच्च शिक्षा संस्थानों के बीच एक महत्त्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.3 केंद्रीय मीडिया प्रत्यायन दिशा-निर्देश, 2022 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यदि कोई पत्रकार देश की सुरक्षा, संप्रभुता और अखंडता पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है, तो उसकी मान्यता को निलंबित किया जा सकता है।
2. विदेशी समाचार मीडिया संगठनों के लिये कार्य करने वाले स्वतंत्र पत्रकारों को भी मान्यता दी जा सकती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

प्रश्न.4. राष्ट्रमंडल के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसकी स्थापना 1949 में लंदन घोषणापत्र द्वारा की गई थी।
2. महारानी एलिजाबेथ द्वितीय राष्ट्रमंडल की प्रमुख हैं।
3. इसकी सदस्यता स्वतंत्र और समान स्वैच्छिक सहयोग पर आधारित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

प्रश्न:5 राजद्रोह के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. आपराधिक प्रक्रिया संहिता (CrPC) की धारा 124ए के तहत देशद्रोह एक अपराध है।
2. यह गैर-जमानती अपराध है।
3. राजद्रोह कानून के तहत आरोपित व्यक्ति को सरकारी नौकरी से रोक दिया जाता है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

प्रश्न.6. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (NCB) का गठन नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट, 1985 के तहत किया गया था।
2. मादक औषधियों और मन:प्रभावी पदार्थों पर राष्ट्रीय नीति भारतीय संविधान के अनुच्छेद 47 पर आधारित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

प्रश्न 7: निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 'ज़िला खनिज फाउंडेशन' एक वैधानिक निकाय है।
2. 'ज़िला खनिज फाउंडेशन' के तहत अर्जित धन का उपयोग प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना के तहत किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

प्रश्न 8: विदेशी वित्तपोषण के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत में विदेशी वित्तपोषण को विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम (FCRA), 2010 के तहत विनियमित किया जाता है।
2. FCRA को वित्त मंत्रालय द्वारा लागू किया जाता है।
3. सरकार की अनुमति के बिना 25,000 रुपए से कम के विदेशी योगदान को स्वीकार करने की अनुमति है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

A. केवल 1 और 3

B. केवल 1 और 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

Q.9 विश्वनाथन समिति (2019) निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

A. ज़बरन धर्म परिवर्तन

B. पुलिस सुधार

C. प्रवासी कामगार

D. द्वेषपूर्ण भाषण

Q.10 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. डिफ़ॉल्ट जमानत तब मिलती है जब पुलिस न्यायिक हिरासत में लिये गए किसी व्यक्ति के संबंध में एक निर्दिष्ट अवधि के भीतर जाँच पूरी करने में विफल रहती है।
2. डिफ़ॉल्ट जमानत का अधिकार अनुच्छेद 21 के तहत कानून द्वारा स्थापित प्रक्रिया का एक हिस्सा है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

Q.11 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (IEA) का सदस्य देश नहीं है।
2. भारत मिशन इनोवेशन (MI) के सदस्य देशों में शामिल है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

Q.12 भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UIDAI) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधिकार क्षेत्र में एक वैधानिक निकाय है।
2. भारत के सभी निवासियों को एक 16-अंकीय विशिष्ट पहचान संख्या (आधार) प्रदान करना अनिवार्य है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

Q.13 व्यक्तिगत डेटा संरक्षण कानून, 2019 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह वर्ष 2017 के ऐतिहासिक के.एस. पुट्टास्वामी फैसले से प्रेरित है।
2. भूल जाने का अधिकार भी इसी कानून का हिस्सा है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

Q.14 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. खासी हिल्स ऑटोनॉमस डिस्ट्रिक्ट काउंसिल (KHADC) संविधान की छठी अनुसूची के तहत एक निकाय है।
2. संविधान की छठी अनुसूची में असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिजोरम में आदिवासी क्षेत्रों के प्रशासन का प्रावधान है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. दोनों 1 और 2

D. न तो 1 और न ही 2

Q.15 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. एक व्हिसलब्लोअर कोई भी हो सकता है जो गलत प्रथाओं को उजागर करने का चुनाव करता है और आरोपों का समर्थन करने के लिये सबूत रखता है।
2. भारत में व्हिसलब्लोअर के संरक्षण से संबंधित कोई विशेष अधिनियम नहीं है।
3. कानून और न्याय मंत्रालय ने 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2021' के एक भाग के रूप में एक 'व्हिसलब्लोअर पोर्टल' लॉन्च किया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2 और 3
C. केवल 2
D. केवल 3

Q.16 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. केंद्र सरकार को भारत के अनन्य आर्थिक क्षेत्र (EEZ) के भीतर खनिजों पर नियंत्रण रखने का अधिकार प्राप्त है।
2. राज्य सरकार को अपनी सीमा के अंदर मौजूद खनिजों पर नियंत्रण रखने का अधिकार प्राप्त है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.17 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :

1. सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना (MPLADS) एक केंद्रीय क्षेत्रक योजना है।
2. MPLAD निधि का उपयोग सुगम्य भारत अभियान के कार्यान्वयन हेतु भी किया जा सकता है।
3. राज्यसभा के मनोनीत सदस्य MPLADS योजना के तहत पात्र नहीं हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

Q.18 नए सुगम्यता मानकों के लिये मसौदा दिशा-निर्देश निम्नलिखित में से किस मंत्रालय द्वारा जारी किये गए हैं:

A. सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय
B. सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय
C. कानून एवं न्याय मंत्रालय
D. इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

Q.19. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. दिल्ली में राष्ट्रीय संग्रहालय की स्थापना का खाका वर्ष 1946 में मौरिस ग्वायर समिति द्वारा तैयार किया गया था।
2. वर्ष 1957 में संस्कृति मंत्रालय ने दिल्ली में राष्ट्रीय संग्रहालय को एक अलग संस्थान घोषित किया और इसे अपने प्रत्यक्ष नियंत्रण में रखा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

प्रश्न.20 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सफाई मित्र सुरक्षा चुनौती अभियान (SSC) 'विश्व शौचालय दिवस' समारोह के हिस्से के रूप में शुरू किया गया एक सप्ताह तक चलने वाला जागरूकता अभियान है।
2. यह ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

प्रश्न.21. राष्ट्रीय सामान्य दस्तावेज़ पंजीकरण प्रणाली (NGDRS) पोर्टल निम्नलिखित में से किसके द्वारा शुरू किया गया है?

A. ग्रामीण विकास मंत्रालय
B. सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
C. श्रम और रोज़गार मंत्रालय
D. नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय

प्रश्न. 22. हाल ही में चर्चा में रहा 'रिश्वत जोखिम मैट्रिक्स 2021' निम्नलिखित में से किस संस्थान द्वारा जारी किया गया है?

A. वर्ल्ड जस्टिस प्रोजेक्ट
B. ट्रेस (TRACE)
C. भ्रष्टाचार के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन
D. विश्व आर्थिक मंच

प्रश्न. 23. 'स्वदेशी विज्ञान' आंदोलन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसकी शुरुआत वर्ष 1905 में स्वदेशी आंदोलन के दौरान हुई थी।
2. इसकी शुरुआत गोपाल कृष्ण गोखले ने की थी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

प्रश्न:24 यूनिवर्सल सर्विस ऑब्लिगेशन फंड (USOF) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह ग्रामीण और दूरदराज़ के क्षेत्रों में लोगों के लिये आर्थिक रूप से उचित कीमतों पर गुणवत्तापूर्ण आईसीटी सेवाओं हेतु सार्वभौमिक गैर-भेदभावपूर्ण पहुँच सुनिश्चित करता है।
2. भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम, 1885 द्वारा इसे वैधानिक दर्ज़ा प्रदान किया गया।
3. यह इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना संचार मंत्रालय के अधीन है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 3
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

प्रश्न.25 निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

स्वच्छ सर्वेक्षण (2021) पुरस्कार विजेता		वर्ग/श्रेणी
1.	प्रयागराज	सबसे स्वच्छ गंगा टाउन
2.	छत्तीसगढ़	100 से अधिक शहरी स्थानीय निकायों वाला सबसे स्वच्छ राज्य
3.	मिज़ोरम	100 से कम शहरी स्थानीय निकायों वाला सबसे स्वच्छ राज्य

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

प्रश्न.26 अनुसूचित क्षेत्रों के लिये पंचायत विस्तार (पेसा) अधिनियम, 1996 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वर्ष 1995 में भूरिया समिति की सिफारिशों के बाद इसे अधिनियमित किया गया था।
2. यह ग्राम सभाओं को विकास योजनाओं को मंज़ूरी देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने का अधिकार देता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

प्रश्न.27 .राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (NFHS-5) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. पिछले पाँच वर्षों में 18 साल की उम्र से पहले शादी करने वाली महिलाओं (20-24 वर्ष की आयु) की हिस्सेदारी में वृद्धि हुई है।
2. 2015-16 से 2019-21 की अवधि के बीच पुरुषों और महिलाओं दोनों में एनिमिया के प्रतिशत में वृद्धि हुई है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

प्रश्न. 28. भारत में अध्यादेश के माध्यम से किसी भी कानून को निरस्त करने की प्रक्रिया के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे दो महीने के भीतर संसद द्वारा पारित कानून से प्रतिस्थापित करने की आवश्यकता होगी।
2. यदि अध्यादेश संसद द्वारा अनुमोदित नहीं होने के कारण व्यपगत हो जाता है, तो निरसित कानून को पुनर्जीवित किया जा सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों a
D. न तो 1 और न ही 2

प्रश्न.29 स्वच्छ सर्वेक्षण के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह भारत के शहरों और कस्बों में स्वच्छता, अपशिष्ट प्रबंधन व समग्र स्वच्छता का वार्षिक सर्वेक्षण करता है।
2. जल शक्ति मंत्रालय द्वारा इस सर्वेक्षण की शुरुआत की गई।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

प्रश्न.30. ओ-स्मार्ट योजना के उद्देश्य के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारतीय अनन्य आर्थिक क्षेत्र (EEZ) में 'मरीन लिविंग रिसोर्सेज़' को लेकर सूचना एकत्र करना और उसे नियमित रूप से अपडेट करना।
2. भारत के तटीय जल का स्वच्छता मूल्यांकन करने के लिये समुद्री जल प्रदूषकों के स्तर की समय-समय पर निगरानी करना।
3. पॉलीमेटैलिक नोड्यूल्स (MPN) की खोज और गैस हाइड्रेट्स की जाँच करना।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

प्रश्न 31: 'केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो' (CBI) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 'केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो', दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना (DSPE) अधिनियम, 1946 के तहत स्थापित एक वैधानिक निकाय है।
2. सीबीआई के निदेशक का कार्यकाल दो वर्ष का होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.32 रियल एस्टेट विनियमन और विकास अधिनियम के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. अलग राज्य स्तरीय नियामक प्राधिकरणों की स्थापना की जाएगी।
2. रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण (RERA) के फैसलों के खिलाफ किसी भी अदालत में अपील नहीं की जा सकती है।
3. RERA के आदेशों का पालन न करने पर दंडात्मक प्रावधान है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 3
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

Q.33 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना (MPLADS) के तहत आवंटित राशि नॉन-लैप्सेबल होती है।
2. नोडल ज़िला प्राधिकरण एमपीलैड योजना के तहत संसद सदस्यों द्वारा अनुशंसित कार्यों को लागू करने के लिये ज़िम्मेदार है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.34 निम्नलिखित में से कौन भारतीय संविधान की राज्य सूची में शामिल है?

1. औषधालय
2. अस्पताल
3. चिकित्सीय शिक्षा
4. औषधि प्रशासन

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2
B. केवल 3 और 4
C. 1, 2 और 3
D. 1, 2 और 4

Q.35. 'डिजी सक्षम कार्यक्रम' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे केंद्रीय श्रम मंत्रालय और माइक्रोसॉफ्ट इंडिया द्वारा संयुक्त रूप से लॉन्च किया गया है।
2. यह वंचित समुदायों से संबंधित अर्द्ध-शहरी क्षेत्रों के रोज़गार चाहने वालों को डिजिटल कौशल प्रशिक्षण प्रदान करेगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.36. 'जिला अस्पतालों के प्रदर्शन में सर्वोत्तम अभ्यास' रिपोर्ट के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय और विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) का एक सहयोगी प्रयास है।
2. प्रति लाख जनसंख्या (जिला अस्पतालों में) बिस्तरों की औसत संख्या भारतीय सार्वजनिक स्वास्थ्य मानकों (IPHS) द्वारा निर्धारित दिशानिर्देशों से अधिक है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

प्रश्न 37. जनहित याचिका के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे केवल सर्वोच्च न्यायालय में दायर किया जा सकता है।
2. इसकी अवधारणा अमेरिकी न्यायशास्त्र से लिया गया है।
3. इसका उपयोग मानव अधिकारों और समानता को आगे बढ़ाने के लिये किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

प्रश्न 38: निम्नलिखित पर विचार कीजिये:

1. 'आधार-सक्षम भुगतान प्रणाली' 'प्वाइंट ऑफ सेल' पर ऑनलाइन इंटरऑपरेबल वित्तीय लेन-देन की अनुमति देता है।
2. 'आधार-सक्षम भुगतान प्रणाली' को भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) द्वारा विकसित किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

Q.39 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 42वें संशोधन अधिनियम, 1976 ने भारतीय संविधान की सातवीं अनुसूची के तहत वन, वन्यजीवों तथा पक्षियों के संरक्षण को संघ सूची में स्थानांतरित कर दिया।
2. वनों और वन्य जीवों की सुरक्षा भारत के नागरिकों का मौलिक कर्तव्य है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

प्रश्न 40: 'नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल' (NGT) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक सांविधिक निकाय है।
2. इसमें गैर-न्यायिक सदस्य भी शामिल होते हैं।
3. 'नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल' के लिये आवेदनों या अपीलों के दाखिल होने के 6 महीने के भीतर अंतिम रूप से उनका निपटान करना अनिवार्य है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

Q.41. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (GRAP) वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (CAQM) द्वारा कार्यान्वित किया जाता है।
2. GRAP वायु प्रदूषण को कम करने के लिये उठाए जाने वाले आपातकालीन उपायों का एक समूह है।
3. CAQM राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए विविध प्रयासों के समन्वय और निगरानी के लिए एक वैधानिक तंत्र है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2 और 3

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

Q.42 गर्भ का चिकित्सकीय समापन (संशोधन) अधिनियम, 2021 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सभी मामलों में गर्भावस्था को समाप्त करने की गर्भकालीन सीमा 20 से बढ़ाकर 24 सप्ताह कर दी गई है।
2. एक राज्य-स्तरीय मेडिकल बोर्ड को अनुरोध प्राप्त होने के तीन दिनों के भीतर गर्भावस्था के मेडिकल टर्मिनेशन के प्रस्ताव को या तो स्वीकार या अस्वीकार करना होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

Q.43 सतत् विकास लक्ष्य संख्या 3 (SDG 3) में निहित उद्देश्यों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वर्ष 2030 तक वैश्विक मातृ मृत्यु अनुपात को प्रति 100,000 जीवित जन्मों पर 70 से कम करना।
2. वर्ष 2020 तक वैश्विक मौतों की संख्या और सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली मौतों तथा चोटों की संख्या को आधा करना।
3. वर्ष 2030 तक गैर-संचारी रोगों से समय से पहले होने वाली मृत्यु दर में एक-तिहाई की कमी लाना।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

Q.44 'माले घोषणा-पत्र' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस पर वर्ष 1998 में दक्षिण एशिया सहकारी पर्यावरण कार्यक्रम (SACEP) के सदस्यों द्वारा हस्ताक्षर किया गया था।
2. इस पहल को स्वीडिश अंतर्राष्ट्रीय विकास सहयोग एजेंसी (SIDA) द्वारा वित्त पोषित किया गया था।
3. भारत 2017 में माले घोषणा-पत्र का हस्ताक्षरकर्त्ता बन गया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

Q.45. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. विश्व खाद्य दिवस प्रतिवर्ष खाद्य और कृषि संगठन (FAO) की स्थापना के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।
2. FAO संयुक्त राष्ट्र की एक विशेष एजेंसी है जो भुखमरी की समाप्ति के लिये अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों का नेतृत्व करती है।
3. भारत ने वर्ष 2023 को अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष के रूप में घोषित करने का प्रस्ताव दिया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

Q.46. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. विश्व खाद्य दिवस प्रतिवर्ष खाद्य और कृषि संगठन (FAO) की स्थापना के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।
2. FAO संयुक्त राष्ट्र की एक विशेष एजेंसी है जो भुखमरी की समाप्ति के लिये अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों का नेतृत्व करती है।
3. भारत ने वर्ष 2023 को अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष के रूप में घोषित करने का प्रस्ताव दिया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

प्रश्न 47: निम्नलिखित में से कौन-सा/से आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन के तहत स्थापित किये जाएंगे?

1. आईटी-सक्षम रोग निगरानी प्रणाली
2. वायरोलॉजी के लिये चार नए राष्ट्रीय संस्थान
3. विश्व स्वास्थ्य संगठन हेतु क्षेत्रीय अनुसंधान मंच- दक्षिण पूर्व एशिया क्षेत्र में

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1
C. केवल 2
D. 1, 2 और 3

Q.48 हाल ही में चर्चा में रहा 'कृषि उड़ान' निम्नलिखित में से किस उद्देश्य को पूरा करने का लक्ष्य रखता है?

A. दक्षिण एशियाई देशों के कृषि बाज़ारों को जोड़ना।
B. बायोएथेनॉल के लिये न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रदान करना।
C. हवाई मार्ग से कृषि उपज की आवाजाही को सुगम बनाना।
D. पराली को ईंधन में बदलना।

Q.49. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (EAC-PM) एक वैधानिक निकाय है।
2. नीति आयोग EAC-PM के लिये नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.50 'वन हेल्थ' संबंधी अवधारणा के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक ऐसा दृष्टिकोण है जो यह मानता है कि मानव स्वास्थ्य, पशु स्वास्थ्य और हमारे चारों ओर के पर्यावरण के साथ घनिष्ठ रूप से जुड़ा हुआ है।
2. यह FAO, WHO और विश्व पशु स्वास्थ्य संगठन (OIE) के त्रिपक्षीय-प्लस गठबंधन के बीच समझौते के अंतर्गत एक पहल/ब्लूप्रिंट है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q. 51. प्रोग्राम फॉर इंटरनेशनल स्टूडेंट असेसमेंट (PISA) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह 'आर्थिक सहयोग और विकास संगठन' (OECD) द्वारा समन्वित एक अंतर्राष्ट्रीय सर्वेक्षण है।
2. यह एक योग्यता-आधारित परीक्षा है, जिसे 15 वर्ष की आयु तक के उम्मीदवारों में पढ़ने, गणित और विज्ञान साक्षरता का मूल्यांकन करने के लिये तैयार किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.52. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 73वाँ संविधान संशोधन, 1992 केंद्र और राज्य दोनों सरकारों को पंचायती राज संस्थाओं की मदद करने का आदेश देता है।
2. केंद्र द्वारा आवंटित कुल सहायता अनुदान में से अनटाइड ग्रांट या खुले अनुदान का उपयोग पंचायती राज संस्थानों द्वारा वेतन के भुगतान के लिये किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q. 53 हाल ही में राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक चर्चा में रहा है। यह निम्नलिखित में से किस निकाय द्वारा जारी किया जाता है?

A. खाद्य और कृषि संगठन
B. विश्व स्वास्थ्य संगठन
C. भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण
D. नीति आयोग

Q.54 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. GST परिषद एक वैधानिक निकाय है।
2. GST परिषद की अध्यक्षता भारत के प्रधानमंत्री द्वारा की जाती है

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

प्रश्न 55: निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (NIRF) के तहत सभी अंतर्राष्ट्रीय उच्च शिक्षण संस्थानों (HEIs) की रैंकिंग की जाती है।
2. NIRF रैंकिंग 2021 में पहली बार रिसर्च इंस्टीट्यूशन कैटेगरी को शामिल किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

प्रश्न 56. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 'ARISE' अटल इनोवेशन मिशन (AIM) के तहत शुरू की गई एक पहल है।
2. 'ARISE' का उद्देश्य सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों में नवाचार एवं अनुसंधान को प्रोत्साहित करना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.57 स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2021 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे जल शक्ति मंत्रालय द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण शहरी 2021 के साथ लॉन्च किया गया था।
2. यह गाँवों को खुले में शौच मुक्त प्लस (ODF+) का दर्जा देने की केंद्र की पहल के एक हिस्से के रूप में ग्रामीण भारत में स्वच्छता, स्वच्छता और स्वच्छता की स्थिति का आकलन करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

प्रश्न:58 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 'क्राइम इन इंडिया' राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो(NCRB) द्वारा प्रकाशित एक वार्षिक रिपोर्ट है।
2. NCRB की स्थापना वर्ष 1985 में राष्ट्रीय पुलिस आयोग की सिफारिशों पर की गई थी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1और 2 दोनों
D. न तो 1और न ही 2

Q.59 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :

1. ग्राम सभा को व्यक्तिगत वन अधिकार (IFR) या सामुदायिक वन अधिकार (CFR) की प्रकृति और सीमा के निर्धारण के लिये प्रक्रिया शुरू करने का अधिकार है।
2. वन अधिकार अधिनियम (FRA), 2006 भारतीय संविधान की पाँचवीं और छठी अनुसूचियों के जनादेश का विस्तार करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

प्रश्न:60 स्थायी निवास प्रमाण पत्र (PRCs) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसका उपयोग राशन कार्ड प्राप्त करने और चुनाव में वोट डालने हेतु किया जाता है।
2. मेघालय और त्रिपुरा में PRCs जारी करने के प्रावधान नहीं हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.61 . निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारतीय पेटेंट अधिनियम, 1970 एवरग्रीनिंग पेटेंट के निर्माण की अनुमति देता है।
2. विश्व व्यापार संगठन के ट्रिप्स (IPR) समझौते के तहत अनिवार्य लाइसेंसिंग (CL) की अनुमति नहीं है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.62. जनगणना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना और दशकीय जनगणना दोनों भारत में लॉर्ड रिपन द्वारा शुरू की गई थीं।
2. दशकीय जनगणना जनगणना अधिनियम 1948 के अंतर्गत आती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.63 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सांस्कृतिक मानचित्रण पर राष्ट्रीय मिशन (NMCM) यूनेस्को के समर्थन से लागू किया गया है।
2. NMCM का उद्देश्य कलाकारों, कला रूपों और अन्य संसाधनों का एक व्यापक डेटाबेस तैयार करना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

प्रश्न:64 निम्नलिखित में से कौन-सी सुरंग जम्मू और कश्मीर में स्थित है?

1. नीलग्रार सुरंग
2. चटर्जला सुरंग
3. जेड-मोड़ सुरंग
4. अटल सुरंग

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 4
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3 और 4
D. 1, 2और 3

प्रश्न:65 राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (SDRF) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसका गठन 5वें वित्त आयोग की सिफारिशों के आधार पर किया गया था।
2. इसका ऑडिट प्रत्येक वर्ष भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (CAG) द्वारा किया जाता है।
3. केंद्र सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के लिये SDRF आवंटन में 75% का योगदान देता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. केवल 1 और 3

Q.66 भारत में जनगणना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. आइन-ए-अकबरी भारतीय इतिहास का पहला दस्तावेज था जिसमें जनसंख्या गणना दर्ज की गई थी।
2. भारत में पहली गैर-समकालिक जनगणना गवर्नर-जनरल लॉर्ड मेयो के शासनकाल के दौरान आयोजित की गई थी।
3. भारत की तेरहवीं जनगणना (1991) ने साक्षरता की अवधारणा को बदल दिया और 7+ आयु वर्ग के बच्चों को साक्षर माना गया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. केवल 1 और 3

Q.67. निम्नलिखित में से कौन-सी आपदा राज्य आपदा राहत कोष (SRDF) के अंतर्गत शामिल है?

1. चक्रवात
2. मूसलधार बारिश
3. भूस्खलन
4. कीट हमला

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 4
B. केवल 2 और 3
C. केवल 2, 3 और 4
D. 1, 2, 3 और 4

Q.68 इंस्पायर अवार्ड्स- मानक के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह 'स्टार्ट-अप इंडिया' पहल के अनुरूप है और इसे विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (DST) द्वारा निष्पादित किया जा रहा है।
2. विजेताओं को प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (DBT) योजना के तहत पुरस्कार प्राप्त होते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.69 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. मिल्क फोर्टिफिकेशन प्रोजेक्ट उपभोक्ताओं में विटामिन की कमी को दूर करने के लिए शुरू की गई थी।
2. इसे भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (FSSAI) द्वारा FAO के सहयोग से लॉन्च किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो1 और न ही 2

Q.70 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :

1. खादी और ग्रामोद्योग आयोग (KVIC) संसद के एक अधिनियम के अंतर्गत स्थापित एक वैधानिक निकाय है।
2. KVIC ने प्रोजेक्ट रीप्लान (प्रकृति से प्लास्टिक को कम करना) के तहत एक पुनर्नवीनीकरण प्लास्टिक-मिश्रित हस्तनिर्मित कागज विकसित किया है।

ऊपर दिए गए कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.71 राष्ट्रीय सिविल सेवा क्षमता निर्माण कार्यक्रम (NPCSCB) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसका उद्देश्य सिविल सेवकों को सही दृष्टिकोण, कौशल और ज्ञान के साथ भविष्य के लिये तैयार करना है, जो न्यू इंडिया के दृष्टिकोण से संबंधित है।
2. कार्यक्रम क्षमता निर्माण को बढ़ाने के लिये लेटरल एंट्री तंत्र की अनुमति देता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.72 निम्नलिखित में से कौन-सी समिति भारत में जनजातीय समुदायों से संबद्ध नहीं है:

1. शिवरमन समिति (1979)
2. शाशा समिति (2013)
3. भूरिया आयोग (2002-2004)
4. रोहिणी आयोग (2017)

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 4
B. केवल 2 और 3
C. केवल 4
D. 1, 3 और 4

Q.73 गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (GeM) सिस्टम के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. GeM एक वन-स्टॉप राष्ट्रीय सार्वजनिक खरीद पोर्टल है।
2. मंत्रालयों व केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (CPSE) के लिए GeM से वस्तुओं और सेवाओं की खरीद करना अनिवार्य है।
3. GeM के रखरखाव के लिये वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय नोडल एजेंसी है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

Q.74 वैश्विक युवा तंबाकू सर्वेक्षण (GYTS-4) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह WHO द्वारा यूनिसेफ के सहयोग से आयोजित किया जाता है।
2. सर्वेक्षण के अनुसार, पिछले एक दशक में भारत में 13-15 वर्ष के स्कूली बच्चों में तंबाकू के सेवन में लगभग 40% की गिरावट देखी गई है।
3. स्कूल जाने वाले बच्चों में तंबाकू का सेवन अरुणाचल प्रदेश और मिज़ोरम में सबसे ज्यादा था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

Q.75 उज्ज्वला 2.0 योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसका उद्देश्य बीपीएल परिवारों को जमा-मुक्त एलपीजी कनेक्शन और पहले रिफिल प्रदान करना है।
2. इसे ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा क्रियान्वित किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.76 निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा संवाद कार्यक्रम का सबसे अच्छा वर्णन करता है:

A. यह कैदियों और जेल कर्मचारियों के मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों के प्रबंधन के लिये शुरू किया गया है।
B. यह चिंता, तनाव, अवसाद, आत्महत्या के विचार और अन्य मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं का सामना कर रहे लोगों को सहायता प्रदान करने के लिये 24/7 टोल-फ्री हेल्पलाइन है।
C. इसका उद्देश्य कोविड-19 के दौरान में छात्रों, परिवार के सदस्यों और शिक्षकों को उनके मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण के लिये मनोसामाजिक सहायता प्रदान करना है।
D. इस कार्यक्रम का उद्देश्य उन बच्चों के लिये मानसिक स्वास्थ्य तक पहुँच बनाना है जो बच्चे तस्करी के शिकार या अनाथ हैं।

Q.77 भारत में जनगणना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 'आईन-ए-अकबरी' में जनसंख्या, उद्योग, धन और कई अन्य विशेषताओं से संबंधित व्यापक डेटा शामिल थे।
2. भारत की पहली जनगणना गवर्नर-जनरल लॉर्ड मेयो के शासनकाल के दौरान हुई थी।
3. भारत में जनगणना सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI) द्वारा आयोजित की जाती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2
D. 1, 2 और 3

Q 78 . 'धरोहर गोद लें' परियोजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह पर्यटन मंत्रालय, संस्कृति मंत्रालय, भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण और राज्य/केंद्रशासित प्रदेशों की सरकारों का एक सहयोगात्मक प्रयास है।
2. परियोजना के तहत चयनित स्थलों/स्मारकों की रखवाली करने वाले सुरक्षा व्यक्तियों को स्मारक मित्र कहा जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.79 युक्तधारा पोर्टल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये

1. यह 'भुवन' के तहत एक नया भू-स्थानिक नियोजन पोर्टल है।
2. यह भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय का एक संयुक्त प्रयास है।
3. यह विभिन्न राष्ट्रीय ग्रामीण विकास कार्यक्रमों के तहत सृजित जियोटैग्ड परिसंपत्तियों के भंडार के रूप में कार्य करेगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 3
C. केवल 2
D. 1, 2 और 3

Q.80 पश्चिम बंगाल के निम्नलिखित में से किन उत्पादों को GI टैग दिया गया है?

1. मदुर फ्लोर मैट
2. कुष्मंडी का लकड़ी का मुखौटा
3. पुरुलिया चौ-मुखौटा
4. गोविंदभोग चावल

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 4
D. 1, 2, 3 और 4

Q.81 परिवहन क्षेत्र के डिकार्बोनाइज़ेशन के लिये फोरम के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :

1. फोरम को संयुक्त रूप से NITI Aayog और वर्ल्ड रिसोर्स इंस्टीट्यूट (WRI), भारत द्वारा लॉन्च किया गया था।
2. यह फोरम राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (NDC) - एशिया के लिये परिवहन पहल (NDC-TIA) परियोजना का एक हिस्सा है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं??

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

प्रश्न 82: 'ई-श्रम' पोर्टल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसके तहत प्रत्येक पंजीकृत कर्मचारी को 12 अंकों की विशिष्ट संख्या वाला ई-श्रम कार्ड जारी किया जाएगा।
2. सभी पंजीकृत असंगठित श्रमिकों को एक वर्ष के लिये 'प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना' (PMSBY) के माध्यम से दुर्घटना बीमा कवरेज़ प्रदान किया जाएगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q83. प्रधानमंत्री जन धन योजना (PMJDY) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह वित्तीय समावेशन की दृष्टि से वित्तीय सेवाओं तक पहुँच सुनिश्चित करने हेतु एक राष्ट्रीय मिशन है।
2. यह खाताधारकों को अल्पकालिक ऋण के रूप में धन निकासी की अनुमति देता है।
3. PMJDY के तहत परिचालन खातों के प्रतिशत में लगातार वृद्धि हुई है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 3
C. केवल 2
D. 1, 2 और 3

Q.84 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत निर्वाचन आयोग (ECI) को वर्ष 1989 में एक बहु-सदस्यीय निकाय बनाया गया था।
2. चुनाव आयुक्त 6 साल की अवधि हेतु या 65 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक, जो भी पहले हो, तक पद धारण करता है।
3. SVEEP पहल मतदाता शिक्षा हेतु ECI का एक प्रमुख कार्यक्रम है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

प्रश्न:85 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 'खाद्य तेल पर राष्ट्रीय मिशन'- ऑयल पाम (NMEO-OP) एक केंद्र प्रायोजित योजना है।
2. NMEO-OP योजना के तहत पाम ऑयल किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी और उन्हें मूल्य एवं व्यवहार्यता सूत्र के तहत पारिश्रमिक मिलेगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.86 प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. अधिसूचित फसल के लिये फसल ऋण खाते का लाभ उठाने वाले ऋणी किसानों के लिये यह अनिवार्य है।
2. मौसम आधारित फसल बीमा योजना को PMFBY में समाहित कर दिया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.87 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम, 2017 ने आत्महत्या के प्रयास को दंडनीय अपराध बना दिया है।
2. भारत ने विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन की पुष्टि की है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.88 राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा संस्थान (NISD) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (NCT), दिल्ली सरकार के साथ 1860 के सोसायटी अधिनियम XXI के तहत पंजीकृत है।
2. NISD सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के केंद्रीय सलाहकार निकाय के रूप में कार्य करता है।
3. NEAT, सामाजिक रक्षा पर पाठ्यक्रम प्रदान करने वाला एक ऑनलाइन पोर्टल है इसे NISD द्वारा शुरू किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

Q.89 सांसद आदर्श ग्राम योजना (SAGY) के संबंध में कथनों पर विचार कीजिये?

1. इसे नानाजी देशमुख की जयंती पर लॉन्च किया गया था।
2. इस योजना के तहत सांसद अपने गाँव को आदर्श ग्राम के रूप में विकसित करने हेतु स्वतंत्र हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.90 न्यूनतम सार्वजनिक शेयरधारिता (MPS) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत में सभी सूचीबद्ध कंपनियों को यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि उनके इक्विटी शेयरों का कम-से-कम 25% गैर-प्रवर्तकों, अर्थात् जनता के पास है।
2. भारत में औसत प्रमोटर होल्डिंग वैश्विक स्तर पर सबसे कम है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

प्रश्न:91 भारतनेट प्रोजेक्ट के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह ऑप्टिकल फाइबर का उपयोग कर विश्व का सबसे बड़ा ग्रामीण ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी कार्यक्रम है।
2. इसका कार्यान्वित इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा किया जा रहा है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

प्रश्न 92: निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ODF+ स्टेट्स इंगित करता है कि किसी प्रकार के अनुपचारित कीचड़/सेप्टेज और नालियों की निकासी जल निकायों या खुले क्षेत्रों के नालों में नहीं होती है।
2. ODF+ इंगित करता है कि सभी सामुदायिक तथा सार्वजनिक शौचालय कार्यात्मक अवस्था में एवं सुव्यवस्थित हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

प्रश्न 93: 'अंतर्राज्यीय जल विवाद अधिनियम' (1956) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह अधिनियम केंद्र सरकार को नदी जल विवाद के निपटन के लिये एक तदर्थ न्यायाधिकरण स्थापित करने का अधिकार देता है।
2. न्यायाधिकरण का निर्णय विवाद के पक्षकारों पर बाध्यकारी नहीं होता है।
3. ऐसे जल विवादों के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय का अधिकार क्षेत्र नहीं होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

A. केवल 1 और 3
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

Q.94 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ब्लू हार्ट अभियान भारत का तस्करी-रोधी कार्यक्रम है।
2. मानव अधिकारों की सार्वभौम घोषणा दासता को प्रतिबंधित करने के लिये कानूनी रूप से बाध्यकारी घोषणा है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.95 प्रोजेक्ट बोल्ड (BOLD) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे खादी और ग्रामोद्योग आयोग (KVIC) द्वारा लॉन्च किया गया है।
2. यह परियोजना शुष्क व अर्द्ध-शुष्क भूमि क्षेत्रों में बाँस आधारित हरित पट्टी बनाने का प्रयास करती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.96 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 39 के तहत गरीबों तथा समाज के कमज़ोर वर्गों के लिये निशुल्क कानून सहायता की व्यवस्था की गई है।
2. टेली-लॉ कार्यक्रम के अंतर्गत वे सभी जो विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के तहत मुफ्त कानूनी सहायता के लिये पात्र हैं, मुफ्त कानूनी सलाह ले सकते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

प्रश्न:97 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सार्वजनिक उद्यम विभाग (DPE) को भारी उद्योग मंत्रालय के दायरे से हटाकर वित्त मंत्रालय के दायरे में ला दिया गया है।
2. सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग (DIPAM) वित्त मंत्रालय के छह विभागों में से एक है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.98 स्पर्श (सिस्टम फॉर पेंशन एडमिनिस्ट्रेशन रक्षा) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय द्वारा लागू किया गया है।
2. यह पेंशनभोगी पोर्टल है है जिसके माध्यम से पेंशनभोगी अपनी पेंशन संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं, सेवाओं तक पहुँच प्राप्त कर सकते हैं और अपनी शिकायत (यदि हो) तो दर्ज करा सकते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.99 वन अधिकार अधिनियम, 2006 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वन अधिकारों का दावा उन सदस्यों द्वारा किया जा सकता है जो नियत तिथि से पहले कम-से-कम दो पीढ़ियों से निवास कर रहे हैं।
2. ग्राम सभा को वन अधिकारों की प्रकृति और सीमा के निर्धारण के लिये प्रक्रिया शुरू करने का अधिकार है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.100 कृषि अवसंरचना कोष के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसका उद्देश्य फसल उपरांत बुनियादी ढाँचा प्रबंधन और सामुदायिक कृषि परिसंपत्तियों के लिये व्यवहार्य परियोजनाओं में निवेश को बढ़ावा देना है।
2. इस योजना के तहत कोष केवल राज्य एजेंसियों और कृषि उत्पाद विपणन समितियों (APMC) को दिया जाता है।
3. माइक्रो एंड स्मॉल एंटरप्राइजेज (CGTMSE) योजना के लिये क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट के तहत एक क्रेडिट गारंटी कवरेज उपलब्ध होगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 3
B. केवल 2 और 3
C. केवल 2
D. 1, 2 और 3

Q.101 साही (SAHI) पोर्टल के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक आयुष क्षेत्र का पोर्टल है जो शिलालेखों, शास्त्रीय ग्रंथों और उन्नत आर्कियो आनुवंशिक अध्ययनों को प्रदर्शित करता है।
2. यह पोर्टल राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (NIC) ई-ग्रंथालय मंच के माध्यम से भारतीय चिकित्सा विरासत पुस्तकों तक ऑनलाइन सार्वजनिक पहुँच प्रदान करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.102 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :

1. राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (NTCA) का गठन वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के तहत किया गया था।
2. प्रोजेक्ट टाइगर NTCA द्वारा प्रशासित एक केंद्र प्रायोजित योजना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

प्रश्न 103: 'नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड- रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड' (NTPC- REL) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह NTPC की 100% हिस्सेदारी वाली कंपनी है।
2. यह कच्छ के रण में भारत की पहली 'ग्रीन हाइड्रोजन मोबिलिटी परियोजना' स्थापित करने जा रही है।
3. यह लेह शहर में भारत का सबसे बड़ा सोलर पार्क भी स्थापित करेगी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. केवल 3

प्रश्न:104 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. विश्व युवा कौशल दिवस को वर्ष 2014 में संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) द्वारा नामित किया गया था।
2. भारत में ग्रामीण क्षेत्रों में गैर-साक्षर और स्कूल छोड़ने वालों को व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिये जन शिक्षण संस्थान (JSS) को मंज़ूरी दी गई है।
3. 'गोइंग ऑनलाइन एज़ लीडर्स' (GOAL) कार्यक्रम भारत के आदिवासी समुदाय के कौशल विकास के लिये एक पहल है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

Q.105 सुप्रीम कोर्ट पोर्टल फॉर असिस्टेंस इन कोर्ट्स एफिशिएंसी (SUPACE) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक AI-आधारित पोर्टल है जो प्रासंगिक तथ्यों को एकत्र करता है और न्यायाधीशों की ओर से निर्णय लेता है।
2. इस पोर्टल को भारत के मुख्य न्यायाधीश द्वारा लॉन्च किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.106 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इको निवास संहिता 2021 आवासीय भवनों के लिये ऊर्जा संरक्षण भवन संहिता है।
2. हाल ही में BEE की ऊर्जा संरक्षण भवन संहिता के अनुरूप तैयार असाधारण रूप से कुशल भवन डिजाइनों के लिये निर्माण (NEERMAN) पुरस्कार की घोषणा की गई है।
3. इको निवास संहिता को आज़ादी का अमृत महोत्सव के एक हिस्से के रूप में लॉन्च किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

Q.107 राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और स्नायु विज्ञान संस्थान (NIMHANS) दिशा-निर्देशों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह कैदियों के मानसिक स्वास्थ्य मुद्दों के प्रबंधन पर दिशा-निर्देशों का एक समूह है।
2. दिशा-निर्देशों के अनुसार, 'बडी' या 'श्रोता' प्रशिक्षित मनोवैज्ञानिक/मनोचिकित्सक होते हैं जिन्हें आत्महत्या करने वाले कैदियों को सामाजिक सहायता प्रदान करने के लिये नियुक्त किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

प्रश्न:108 'सकल पर्यावरण उत्पाद' (GEP) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. GEP उत्पाद और सेवा मूल्य है जो पारिस्थितिकी तंत्र द्वारा मानव कल्याण और आर्थिक एवं सामाजिक सतत् विकास हेतु प्रदान किया जाता है।
2. GEP हरित सकल घरेलू उत्पाद (Green GDP) के घटकों में से एक है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1और न ही 2

प्रश्न:109 विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम, 2010 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. व्यक्तियों को गृह मंत्रालय की अनुमति के बिना विदेशी योगदान स्वीकार करने की अनुमति नहीं है।
2. अधिनियम लोक सेवकों को विदेशी अंशदान प्राप्त करने से रोकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.110 भारत में 'अल्पसंख्यकों' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 29 केवल भाषाई अल्पसंख्यकों की संस्कृति के संरक्षण का अधिकार प्रदान करता है।
2. अनुच्छेद 30 केवल धार्मिक अल्पसंख्यकों को उनकी पसंद के शिक्षण संस्थानों की स्थापना और प्रशासन का अधिकार प्रदान करता है।
3. अनुच्छेद 350-B में भारत के राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किये जाने वाले भाषाई अल्पसंख्यकों के लिये एक विशेष अधिकारी का प्रावधान है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये::

A. केवल 1
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

प्रश्न:111 सूचना-निगरानी, मूल्यांकन और सामाजिक लेखा परीक्षण (I-MESA) योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा तैयार किया गया है।
2. सभी योजनाओं का सामाजिक लेखा परीक्षण राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान द्वारा किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.112 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारतीय विमानपत्तन आर्थिक नियामक प्राधिकरण (AERA) एक वैधानिक निकाय है।
2. AERA भारतीय हवाई अड्डों पर वैमानिकी सेवाओं के लिए टैरिफ और अन्य शुल्कों को नियंत्रित करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.113 मैनुअल स्कैवेंजिंग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे भारत में मौलिक अधिकारों का उल्लंघन माना जाता है।
2. भारत में हाथ से मैला ढोने वाले लोगों के रोज़गार पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.114 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वर्ष 2019 से 2021 तक आकाशीय बिजली गिरने की संख्या में वृद्धि हुई है।
2. लाइटनिंग रेजिलिएंट इंडिया कैंपेन (LRIC) भारतीय मौसम विभाग (IMD) और UNICEF का एक सयुंक्त पहल है।
3. भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (IMD) भारत का एकमात्र संस्थान है जो पूर्ण रूप से गरज और आकाशीय बिजली गिरने की घटनाओं के अध्ययन पर कार्य करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

Q.115 निम्नलिखित में से कौन 'कोर ऑफ द कोर' केंद्र प्रायोजित योजनाओं (CSS) में शामिल हैं?

1. राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम
2. महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्यक्रम
3. अन्य संवेदनशील समूहों के विकास हेतु अम्ब्रेला कार्यक्रम

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

Q. 116 . निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) पर्यावरण एवं वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के तहत एक सांविधिक संगठन है।
2. CPCB को पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के तहत शक्तियाँ और कार्य सौंपे गए थे।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

प्रश्न 117: निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये

1. 'बाल स्वराज' पोर्टल राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा विकसित किया गया है।
2. राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत एक सांविधिक निकाय है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.118. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन के संचालन के लिये गृह मंत्रालय को नोडल मंत्रालय के रूप में नामित करता है।
2. राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA) का नेतृत्व गृह मंत्री करते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.119. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत सरकार ने बाँस के सामान के विपणन के लिये 'द ग्रीन गोल्ड कलेक्शन' नाम का एक पोर्टल प्रारंभ किया है।
2. चीन और वियतनाम के बाद भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा बाँस की खेती करने वाला देश है।
3. बाँस क्षेत्र की संपूर्ण मूल्य श्रृंखला के समग्र विकास के लिये वर्ष 2018-19 में एक पुनर्गठित राष्ट्रीय बाँस मिशन शुरू किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 2
D. केवल 3

Q.120 'वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री इसका पदेन अध्यक्ष होता है।
2. स्किमागो इंस्टीट्यूशंस रैंकिंग वर्ल्ड रिपोर्ट 2021 के अनुसार, 100 वैश्विक सरकारी संस्थानों में यह एकमात्र भारतीय संगठन है।
3. इसकी स्थापना वर्ष 2005 में की गई थी तथा यह दिल्ली में स्थित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 3
B. केवल 2
C. केवल 1 और 2
D. 1, 2 और 3

Q.121 . निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस, विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) और खाद्य और कृषि संगठन (FAO) द्वारा संयुक्त रूप से मनाया जाता है।
2. कोडेक्स एलिमेंटेरियस कमीशन (CAC) संयुक्त खाद्य मानक कार्यक्रम के ढाँचे के भीतर स्थापित एक अंतर-सरकारी निकाय है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

प्रश्न:122 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सरल जीवन बीमा उन लोगों को बुनियादी सुरक्षा प्रदान करता है जो स्व-नियोजित हैं या निम्न आय वर्ग से संबंधित हैं।
2. स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने सभी जीवन बीमा कंपनियों को सरल जीवन बीमा योजना शुरू करने के लिये अनिवार्य कर दिया है।
3. सरल जीवन बीमा में आत्महत्या के अलावा कोई अपवाद नहीं है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. केवल 3
D. केवल 1 और 2

Q.123 'सेना विमानन कोर ' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये

1. कोर, एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर 'ध्रुव', चेतक, चीतल जैसे हेलीकॉप्टरों का संचालन करती है।
2. यह कम ऊँचाई वाले क्षेत्रों में ही सेना की तैनाती में सहायक है।
3. महिला अधिकारियों ने सदैव सेना विमानन कोर के फ्रंट-लाइन फ्लाइंग ड्यूटी में एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 2 और 3
B. केवल 1
C. केवल 1 और 2
D. 1, 2 और 3

Q.124 CAFE विनियमों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 के तहत केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय (MoP) द्वारा अधिसूचित किया गया था।
2. विनियमन ईंधन खपत मानकों के अनुसार है, जिसका उद्देश्य वर्ष 2030 तक वाहनों की ईंधन दक्षता को 35% तक बढ़ाना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.125 उच्च शिक्षा पर अखिल भारतीय सर्वेक्षण (AISHE) 2019-20 के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. AISHE को प्रतिवर्ष नीति आयोग द्वारा जारी किया जाता है।
2. पिछले पाँच वर्षों के दौरान उच्च शिक्षा में महिलाओं के नामांकन में समग्र रूप से वृद्धि हुई है।
3. पुरुषों की तुलना में महिलाओं के लिये वर्ष 2019-20 में उच्च शिक्षा में लैंगिक समानता सूचकांक (GPI) में सुधार हुआ है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

Q.126 . 'कृषि मशीनीकरण योजना पर उप-मिशन' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया है।
2. इस योजना के तहत विभिन्न प्रकार के कृषि उपकरण और मशीनरी की खरीद के लिये पूर्वोत्तर भारतीय राज्यों को 100% सब्सिडी प्रदान की जाती है।
3. 'सीएचसी - फार्म मशीनरी' किसानों के कल्याण के लिये इस योजना के तहत विकसित एक मोबाइल एप का नाम है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

Q.127 'राष्ट्रीय कृत्रिम बुद्धिमत्ता पोर्टल' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये

1. यह इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) तथा नीति आयोग की एक संयुक्त पहल है।
2. यह भारत और उसके बाहर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) से संबंधित गतिविधियों के लिये एक केंद्रीय हब के रूप में कार्य करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

प्रश्न 128: 'पूर्वी तट आर्थिक गलियारे' (ECEC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसमें केवल पश्चिम बंगाल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु राज्य शामिल हैं।
2. ECEC के विकास में 'विश्व बैंक' भारत सरकार का प्रमुख भागीदार है।
3. ECEC 'राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास और कार्यान्वयन ट्रस्ट' (NICDIT) के माध्यम से कार्यान्वित पाँच औद्योगिक कॉरिडोर परियोजनाओं में से एक है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

Q.129 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारतीय मानक ब्यूरो (BIS) भारत में गोल्ड हॉलमार्किंग योजना के संचालन के लिये उत्तरदायी है।
2. भारत में सोना एकमात्र ऐसी कीमती धातु है जिसे हॉलमार्किंग के दायरे में लाया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.130 भारतीय मानक ब्यूरो (BIS) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. BIS अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन (ISO) का सदस्य नहीं है।
2. भारत का प्रतिनिधित्व BIS के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय इलेक्ट्रो-तकनीकी आयोग (IEC) द्वारा किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.131 'अंतर्देशीय जलमार्ग' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये

1. गंगा-भागीरथी-हुगली नदी प्रणाली को राष्ट्रीय जलमार्ग 1 (NW-1) के रूप में जाना जाता है।
2. भारत में चार राष्ट्रीय जलमार्ग (NWs) हैं।
3. जल मार्ग विकास परियोजना हेतु विश्व बैंक से सहायता प्राप्त है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 3
B. केवल 1
C. केवल 1 और 2
D. 1, 2 और 3

Q.132 राष्ट्रीय कॅरियर सेवा (NCS) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. NCS को ई-गवर्नेंस योजना की छत्रछाया में लॉन्च किया गया था।
2. श्रम और रोज़गार मंत्रालय NCS के कार्यान्वयन के लिये नोडल मंत्रालय है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

प्रश्न 133: निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. राज्यपाल भारतीय संविधान के अनुच्छेद 213 के तहत अध्यादेश जारी कर सकता है।
2. राज्यपाल अपने मंत्रिपरिषद (CoM) की सलाह से बाध्य नहीं होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.134 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये कीजिये:

1. केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (CBFC) के अध्यक्ष की नियुक्ति केंद्र सरकार द्वारा की जाती है।
2. CBFC सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के तहत एक वैधानिक निकाय है।
3. फिल्मों को भारत में चार श्रेणियों के तहत प्रमाणित किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. केवल 1 और 2
D. 1, 2 और 3

प्रश्न 135: निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) के 69वें सत्र के दौरान भारत द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (IDY) का विचार प्रस्तावित किया गया था।
2. 'एम-योग' एप विश्व स्वास्थ्य संगठन और आयुष मंत्रालय का एक सहयोगी प्रयास है।
3. भारत में योग प्रशिक्षकों को प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (PMKVY) पहल के माध्यम से प्रशिक्षित किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2 और 3
C. 1 और 3
D. 1, 2 और 3

प्रश्न:136 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. नारकोटिक्स ड्रग्स और साइकोट्रोपिक सब्सटेंस पर राष्ट्रीय नीति भारतीय संविधान के अनुच्छेद-47 पर आधारित है।
2. नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो गृह मंत्रालय के तहत एक शीर्ष समन्वय एजेंसी है।
3. भारत 1961 के संयुक्त राष्ट्र सिंगल कन्वेंशन ऑन नारकोटिक्स ड्रग्स का हस्ताक्षरकर्त्ता नहीं है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. 1, 2 और 3

Q.137 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत में राष्ट्रीय राजमार्ग, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) अधिनियम, 1988 की धारा 3 के तहत अधिसूचित हैं।
2. भारतमाला परियोजना का उद्देश्य भूमि अधिग्रहण की पूरी प्रक्रिया को पूरी तरह से डिजिटल और स्वचालित करना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.138 प्रवर्तन निदेशालय (ED)के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :

1. इसका गठन वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग के तहत किया गया था।
2. यह आर्थिक मामलों के विभाग के तहत विशेष वित्तीय जाँच एजेंसी के रूप में कार्य करता है।
3. यह विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 (FEMA) को लागू करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

Q.139 हाल ही में समाचारों में रहा एग्रीस्टैक है:

A. जलीय कृषि उत्पादों के लिये एक प्रमाणन योजना।
B. श्रमिकों के नौकरियों/कौशल माप हेतु एक पोर्टल।
C. किसानों और कृषि क्षेत्र पर केंद्रित डेटाबेस।
D. देश में प्रत्येक भूखंड के लिये एक पहचान संख्या।

Q.140 . निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय नशीली दवाओं की मांग में कमी के लिये एक राष्ट्रीय कार्य योजना के कार्यान्वयन हेतु नोडल मंत्रालय है।
2. भारत "सिंगल कन्वेंशन ऑन नारकोटिक्स ड्रग्स, 1961" और "कन्वेंशन ऑन साइकोट्रोपिक सब्सटेंस, 1971" का हस्ताक्षरकर्त्ता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

प्रश्न 141 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. शराबबंदी केवल बिहार एवं गुजरात में लागू की गई है।
2. 'शराब' भारतीय संविधान की सातवीं अनुसूची के तहत राज्य सूची का एक विषय है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.142 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. विकलांगों और बेरोज़गारों को दी जाने वाली छूट राहत भारतीय संविधान की सातवीं अनुसूची के तहत समवर्ती सूची में निर्दिष्ट है।
2. दिव्यांग व्यक्ति (समान अवसर, अधिकारों का संरक्षण और पूर्ण भागीदारी) अधिनियम, 1995 पदोन्नति में आरक्षण के अधिकार को मान्यता नहीं देता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.143 'नेशनल ऑटोमोटिव टेस्टिंग एंड रिसर्च एंड डेवलपमेंट इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट (NATRIP)' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. NATRIP ऑटोमोटिव क्षेत्र में एक पहल है जिसमें भारत सरकार और राज्य सरकारों के प्रतिनिधि शामिल हैं।
2. यह सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की एक फ्लैगशिप परियोजना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.144 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सौभाग्य योजना का उद्देश्य विश्वसनीय और सस्ती बिजली तक पहुँच के माध्यम से ग्रामीण और शहरी परिवारों को सशक्त बनाना है।
2. हरित ऊर्जा कॉरिडोर (GEC) का उद्देश्य भारत के राष्ट्रीय ट्रांसमिशन नेटवर्क के साथ ग्रिड से जुड़ी अक्षय ऊर्जा को सिंक्रोनाइज़ करना।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2
D. न तो 1 और न ही 2

Q.145 पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम(EPA), 1986 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही नही है?

A. EPA के अधिनियमन की जड़ें 1972 में स्टॉकहोम में आयोजित 'मानव पर्यावरण पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन' में निहित हैं।
B. EPA को भारतीय संविधान के अनुच्छेद 253 के तहत अधिनियमित किया गया था, जो अंतर्राष्ट्रीय समझौतों को प्रभावी करने के लिये कानून बनाने का प्रावधान करता है।
C. तटीय विनियमन क्षेत्र अधिसूचना (वर्ष 1991) और पर्यावरणीय प्रभाव आकलन EPA के तहत जारी दो महत्त्वपूर्ण अधिसूचनाएँ हैं।
D. राष्ट्रीय पर्यावरण अपीलीय प्राधिकरण (NEAA) की स्थापना EPA के तहत अधिनियम द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों के संबंध में अपील सुनने के लिये की गई थी।

Q.146 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. एनर्जी कॉम्पेक्ट लक्ष्य पेरिस समझौते के तहत देशों की कानूनी प्रतिबद्धताएँ हैं।
2. SDG-7 के तीन मुख्य लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिये एनर्जी कॉम्पैक्ट लक्ष्य कार्रवाइयों के साथ चल रही या नई प्रतिबद्धताएँ हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.147 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. आयुध निर्माणी बोर्ड (OFB) रक्षा मंत्रालय (MoD) का एक अधीनस्थ कार्यालय है।
2. पहला भारतीय आयुध कारखाना वर्ष 1972 में डच कंपनी द्वारा स्थापित किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और 2 न ही

Q.148 निम्नलिखित में से कौन-सी पहल भारत में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने से संबंधित है/हैं?

1. पीएम- कुसुम
2. अटल ज्योति योजना
3. सूर्यमित्र कौशल विकास कार्यक्रम

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2 और 3

Q.149 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. राष्ट्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थान (NIRDPR) पंचायती राज मंत्रालय (MoPR) के तहत एक स्वायत्त संगठन है।
2. मॉडल पंचायत नागरिक घोषणापत्र, पंचायती राज मंत्रालय द्वारा NIRDPR के सहयोग से तैयार किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

प्रश्न.150 निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

	बचाव अभियान	**देश**
1.	ऑपरेशन राहत	नेपाल
2.	ऑपरेशन मैत्री	यमन
3.	ऑपरेशन सुकून	लेबनान

उपरोक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

प्रश्न 151: 'शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह समिति पूरे विश्व के सिखों का एक सर्वोच्च लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित निकाय है।
2. इसे धार्मिक मामलों, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक स्मारकों की देखभाल के लिये संसद के एक विशेष अधिनियम के अंतर्गत स्थापित किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

प्रश्न 152: निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ऑपरेशन समुद्र सेतु की शुरुआत भारत द्वारा कोविड-19 से प्रभावित देशों में दवाओं को पहुँचाने के उद्देश्य के साथ की गई थी।
2. भारतीय नौसेना ने भारत में ऑक्सीजन से भरे कंटेनरों की शिपमेंट के लिये 'ऑपरेशन समुद्र सेतु-II' की शुरुआत की है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

प्रश्न.153. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस 'संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन' (UNESCO) द्वारा आयोजित किया जाता है।
2. विंडहोक घोषणा विश्व में प्रेस की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के लिये एक बेंचमार्क है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

प्रश्न.154. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. बौद्धिक संपदा अधिकार (IPR) उनके बौद्धिक सृजन के परिप्रेक्ष्य में प्रदान किये जाने वाले अधिकार हैं।
2. भारत बौद्धिक संपदा (TRIPS समझौते) के व्यापार संबंधित पहलुओं पर समझौते के लिये प्रतिबद्ध नहीं है।
3. TRIPS समझौता कॉपीराइट और संबंधित अधिकारों के लिये सुरक्षा के न्यूनतम मानक निर्धारित करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 2
B. केवल 1 और 2
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

प्रश्न 155: विचलन बाद राजस्व घाटा (PDRD) अनुदान के विषय में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस अनुदान को केंद्र सरकार संविधान के अनुच्छेद 275 के अंतर्गत राज्यों को प्रदान करती है।
2. इस अनुदान का भुगतान भारत की संचित निधि से किया जाता है।
3. इस अनुदान का उपयोग अनुच्छेद 275 के अंतर्गत अनुसूचित क्षेत्रों के प्रशासनिक स्तर को बढ़ाने के लिये किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

Q. 156. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण (NFRA) का गठन कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत किया गया।
2. NFRA के खातों की निगरानी भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक द्वारा की जाती है।
3. NFRA उन कंपनियों की जाँच नहीं कर सकता है जो किसी भी स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 2 और 3
B. केवल 1 और 2
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

Q.157. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 311 रक्षा कर्मियों के साथ संघ और राज्य के सिविल सेवकों को सुरक्षा प्रदान करता है।
2. संघ और राज्य के सिविल सेवक भारत के राष्ट्रपति के विवेक पर काम करते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न तो 2

प्रश्न158: 'विशेष रूप से कमज़ोर जनजातीय समूहों' (PVTGs)' के संबंध में निम्नलिखित कथन पर विचार कीजिये:

1. वर्ष 1973 में ढेबर आयोग ने आदिम जनजातीय समूहों (PTGs) को एक अलग श्रेणी के रूप में वर्गीकृत किया।
2. सबसे अधिक PVTGs अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में पाए जाते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

प्रश्न:159 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. किशोर न्याय अधिनियम, 2015 अनाथ बच्चों की देखभाल करने की प्रक्रिया प्रदान करता है।
2. भारत ने अंतर्देशीय दत्तक ग्रहण पर हेग कन्वेंशन, 1993 की पुष्टि नहीं की है।
3. राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग भारत में गोद लेने संबंधी मामलों की नोडल एजेंसी है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं:

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. केवल 1 और 3

Q.160 चुनावी बॉण्ड के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. केवल वे राजनीतिक दल ही चुनावी बॉण्ड प्राप्त करने के योग्य हैं जिन्होंने बीते आम चुनाव में कम-से-कम 1% मत प्राप्त किया है।
2. भारतीय स्टेट बैंक चुनावी बॉण्ड को जारी करने और भुनाने के लिये अधिकृत बैंक है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

प्रश्न 161 : एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों (EMRS) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे दूरस्थ क्षेत्रों में अनुसूचित जनजाति के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू किया गया था।
2. इसे संविधान के अनुच्छेद 275(1) के तहत प्रदान किये गए अनुदानों द्वारा स्थापित किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 न ही 2

प्रश्न.162 महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (MGNREGA) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. MGNREGA योजना राज्य सरकारों के सहयोग से पंचायती राज मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित की जाती है
2. इस योजना का उद्देश्य एक वित्तीय वर्ष में कम-से-कम 100 दिनों के अकुशल शारीरिक श्रम का गारंटीकृत रोजगार प्रदान करना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

प्रश्न:163 अपराध और आपराधिक ट्रैकिंग नेटवर्क एवं सिस्टम (CCTNS) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) द्वारा विकसित किया गया है।
2. यह विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय की नेशनल ई-गवर्नेंस योजना के तहत एक मिशन मोड परियोजना है।
3. इसका उद्देश्य पुलिस के कामकाज को नागरिक हितैषी बनाना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 2 और 3
B. केवल 1 और 2
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

Q.164 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. नए ज़िले बनाने या मौजूदा ज़िलों की स्थिति बदलने या उन्हें समाप्त करने की शक्ति राज्य सरकारों में निहित है।
2. नए जिले का निर्माण केवल राज्य विधानसभा में एक कानून पारित करके किया जा सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.165 ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 2019 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. अधिनियम ने ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को थर्ड जेंडर के रूप में घोषित किया।
2. इस अधिनियम ने ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिये राष्ट्रीय परिषद की स्थापना की।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.166 राष्ट्रीय सामाजिक रक्षा संस्थान (NISD) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह सोसायटी अधिनियम, 1860 के तहत पंजीकृत एक स्वायत्त निकाय है।
2. यह महिला एवं बाल विकास मंत्रालय का एक केंद्रीय सलाहकार निकाय है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.167 पोषक तत्त्व-आधारित सब्सिडी (NBS) व्यवस्था के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसमें निहित पोषक तत्त्वों के आधार पर किसानों को रियायती दरों पर उर्वरक प्रदान किये जाते हैं।
2. इसे कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा क्रियान्वित किया जा रहा है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2
D. न तो 1 और न ही 2

Q.168. भारतीय प्रतिस्पर्द्धा आयोग (CCI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत स्थापित किया गया था।
2. अध्यक्ष सहित CCI के सभी सदस्यों की नियुक्ति केंद्र सरकार द्वारा की जाती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.169 . निम्नलिखित में से कौन-सी समिति 'व्यक्तिगत डेटा संरक्षण' से संबंधित है?

A. सी. रंगराजन समिति
B. बिमल जालान समिति
C. भूरेलाल समिति
D. बी.एन. श्रीकृष्ण समिति

Q.170 MCA 21 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये

1. यह वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा प्रबंधित एक ऑनलाइन पोर्टल है।
2. इसने कंपनी से संबंधित सभी सूचनाओं को आम जनता के लिये सुलभ बना दिया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

प्रश्न:171 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. राष्ट्रीय हरित अधिकरण (NGT) के पास न्यायालय के रूप में अपील सुनने का अपीलीय अधिकार क्षेत्र नहीं है।
2. NGT के लिये यह अनिवार्य है कि उसके समक्ष आने वाले पर्यावरण संबंधी मुद्दों का निपटारा 6 महीनों के भीतर हो जाए।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

प्रश्न:172 राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (NPS) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह योजना कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय के तहत कार्यान्वित तथा विनियमित है।
2. इस योजना में 18-65 वर्ष के आयु वर्ग में भारत का कोई भी नागरिक शामिल हो सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

प्रश्न:173 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. पेंशन निधि नियामक और विकास प्राधिकरण (PFRDA) वित्त मंत्रालय के अंतर्गत कार्य करता है।
2. यह राष्ट्रीय पेंशन योजना (NPS) के अंतर्गत पेंशन उद्योग को बढ़ावा देता है और नियंत्रित करता है तथा अटल पेंशन योजना का संचालन करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और 2 न ही

Q.174 हाल ही में चर्चा में रहा 'आयुष 64' पद संबंधित है:

A. रोगियों में ऑक्सीजन के स्तर को बढ़ाने के लिये योगाभ्यास के एक समुच्चय से।

B. पॉली-हर्बल फॉर्मूलेशन से जिसका उपयोग कोविड -19 संक्रमण के उपचार में किया जाता है।

C. कैंसर के उपचार की यूनानी दवा से।

D. तनाव से संबंधित समस्याओं को कम करने के लिये आयुर्वेदिक उपचार से।

Q.175 वन स्टॉप सेंटर (OSC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह महिलाओं के खिलाफ हिंसा की समस्या के समाधान के लिये केंद्र प्रायोजित योजना है।
2. केंद्र सरकार राज्य सरकारों और केंद्रशासित प्रदेशों के प्रशासन को 100% वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

Q.176 बेसल कन्वेंशन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक अंतर्राष्ट्रीय संधि है जिसका लक्ष्य विभिन्न देशों के मध्य खतरनाक कचरे के आदान-प्रदान को रोकना है।
2. भारत ने बेसल कन्वेंशन की पुष्टि की है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

प्रश्न.177 'मेडिसिन फ्रॉम द स्काई' प्रोज़ेक्ट में ड्रोन के जरिये दवाओं की डिलीवरी करना शामिल है। यह निम्नलिखित में से किस राज्य से संबंधित है?

A. कर्नाटक

B. तेलंगाना

C. केरल

D. तमिलनाडु

प्रश्न 178: 'पालेर्मो प्रोटोकॉल' के तहत निम्नलिखित में से किस/किन मुद्दे/मुद्दों को संबोधित किया गया है?

1. मानव तस्करी
2. प्रवासियों की तस्करी
3. आग्नेयास्त्रों का अवैध निर्माण और तस्करी

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

Q.179 प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा निधि (PMSSN) के के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. यह सार्वजनिक खाते में स्वास्थ्य क्षेत्र हेतु एक 'सिंगल नॉन लैप्सेबल रिज़र्व फंड' है।
2. स्वास्थ्य एवं शिक्षा उपकर से प्राप्त राशि में से स्वास्थ्य का अंश (PMSSN) में जमा किया जाएगा।
3. PMSSN में भेजी गई इस राशि का इस्तेमाल प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (PMJAY) के लिये किया जाएगा

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 2

D. 1, 2 और 3

प्रश्न 180: केंद्र-राज्य वित्तीय संबंधों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. कर निर्धारण की अवशिष्ट शक्ति केवल संसद में निहित हैं।
2. अनुच्छेद-282 केवल केंद्र सरकार को किसी भी सार्वजनिक उद्देश्य के लिये विवेकाधीन अनुदान देने का अधिकार देता है।
3. अंतर-राज्यीय व्यापार या वाणिज्य के दौरान आपूर्ति पर 'वस्तु एवं सेवा कर' केंद्र द्वारा लगाया जाता है और एकत्र किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2 और 3

C. केवल 2

D. 1, 2 और 3

प्रश्न:181 राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (SDRF) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. SDRF में केवल केंद्र सरकार द्वारा योगदान दिया जाता है।
2. SDRF का ऑडिट भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (CAG) द्वारा किया जाता है।
3. इसे 15वें वित्त आयोग की सिफारिशों पर गठित किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

प्रश्न .182 हाल ही में समाचारों में रहा सूत्र (SUTRA) मॉडल किससे संबंधित है?

A. मानसूनी वर्षा का पूर्वानुमान
B. मानव पूंजी सिद्धांत
C. व्यष्टि अर्थशास्त्र का अध्ययन
D. भारत में कोविड ग्राफ का पूर्वानुमान

Q.183 वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

A. अधिनियम की अनुसूची I और अनुसूची II के तहत संरक्षित जानवरों का तब तक शिकार नहीं किया जा सकता, जब तक कि वे ऐसी बीमारी से ग्रसित न हो जिसकी रिकवरी संभव नहीं है।
B. इस अधिनियम के तहत, राज्य के राज्यपाल राज्य के संरक्षित क्षेत्रों पर प्रशासनिक शक्तियों का उपयोग करने के लिये एक मुख्य वन्यजीव वार्डन को नियुक्त करते हैं।
C. अधिनियम की अनुसूची VI के तहत सूचीबद्ध जानवरों को वर्मिन माना जाता है और उनका शिकार किया जा सकता है।
D. इस अधिनियम के तहत गठित वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो (WCCB) वन्यजीवों से संबंधित सभी मामलों की समीक्षा के लिये शीर्ष निकाय है।

प्रश्न.184 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. प्रेस की स्वतंत्रता को भारतीय कानूनी प्रणाली द्वारा स्पष्ट रूप से संरक्षित नहीं किया गया है।
2. रोमेश थापर का मामला प्रेस की स्वतंत्रता से जुड़ा है।
3. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19 (2) के तहत प्रेस की स्वतंत्रता पर कुछ प्रतिबंध हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

प्रश्न 185: सर्वे ऑफ इंडिया के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के तहत कार्य करता है।
2. यह भारत सरकार का सबसे पुराना वैज्ञानिक विभाग है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2
D. न तो 1 और न ही 2

Q.186 राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (NSA)-1980 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. NSA एक निवारक निरोध कानून है।
2. NSA किसी व्यक्ति को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिये खतरा उत्पन्न करने से रोकने हेतु केवल केंद्र सरकार को उस व्यक्ति को हिरासत में लेने का अधिकार देता है।
3. NSA के तहत हिरासत की अवधि अधिकतम 6 माह है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

Q.187 "संकल्प से सिद्धि"- गाँव एवं डिजिटल कनेक्ट मुहिम के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास महासंघ (ट्राइफेड) द्वारा शुरू किया गया है
2. इसका मुख्य उद्देश्य गाँवों में वन धन विकास केंद्रों (VDVKs) को सक्रिय बनाना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

प्रश्न188: केंद्रीय जाँच ब्यूरो के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-से सही हैं?

1. यह कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में आता है।
2. यह एक सांविधिक निकाय है।
3. दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना अधिनियम, 1946 इसकी शक्तियों का स्रोत है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

प्रश्न 189. भारतीय खाद्य निगम (FCI) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय के अधीन कार्य करता है।
2. यह एक सांविधिक निकाय है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

प्रश्न 190 हाल ही में समाचारों में रही 'अनामय' पहल किससे संबंधित है?

A. भारत में धार्मिक अल्पसंख्यकों के लिये स्वास्थ्य देखभाल से।
B. SC/ST को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रावधान से।
C. आदिवासी समुदायों के बीच सभी निवार्य मौतों को दूर करने से।
D. कमज़ोर वर्गों के बीच वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने से।

Q. 191 समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (MPEDA) के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक वैधानिक निकाय है।
2. यह वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत कार्य करता है।
3. इसका मुख्यालय केरल में है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

प्रश्न 192: हाल ही में लॉन्च किया गया 'ई-सांता' इलेक्ट्रॉनिक प्लेटफॉर्म निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

A. जल कृषकों और खरीदारों को जोड़ने
B. ग्रामीण विद्यार्थियों को ऑनलाइन शिक्षा प्रदान करने
C. विदेशी निवेशकों को भारत में निवेश संबंधी सुविधा प्रदान करने
D. ऊर्जा क्षेत्र में पारदर्शिता लाने

प्रश्न 193: 'भारत ऊर्जा डैशबोर्ड' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक ही स्थान पर देश के ऊर्जा क्षेत्र से संबंधित समग्र डेटा प्रदान करने का एक प्रयास है।
2. इसे नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा लॉन्च किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

प्रश्न:194 आहार क्रांति मिशन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे भारत और विश्व में बहुतायत में भूख तथा बीमारियों की गंभीर समस्या का समाधान करने के लिये तैयार किया गया है।
2. इस कार्यक्रम में शिक्षकों के प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, जो प्रशिक्षण के बाद अनेक छात्रों को इस कार्यक्रम का संदेश देंगे।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 न ही 2

प्रश्न 195: निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. आनुवंशिक रूप से संशोधित जीवों (GMOs) को पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 के तहत विनियमित किया जाता है।
2. जेनेटिक इंजीनियरिंग मूल्यांकन समिति (GEAC), आनुवंशिक रूप से संशोधित बीजों के वाणिज्यिक उपयोग को स्वीकृति देने हेतु स्थापित भारत का सर्वोच्च नियामक है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

प्रश्न 196: 'ग्लोबल यूथ मोबिलाइज़ेशन' पहल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह पहल कोरोना महामारी से प्रभावित समुदायों के युवाओं के लिये शुरू की गई है।
2. इस पहल को विश्व स्वास्थ्य संगठन और संयुक्त राष्ट्र संगठन का समर्थन प्राप्त है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 न ही 2

प्रश्न197: आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के विषय में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह अधिनियम आपदा प्रबंधन के लिये राष्ट्रीय, राज्य और ज़िला स्तरों पर संस्थानों की एक व्यवस्थित संरचना रखता है।
2. यह अधिनियम समग्र राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन को संचालित करने के लिये गृह मंत्रालय को नोडल मंत्रालय के रूप में अधिकृत करता है।
3. राष्ट्रीय कार्यकारी समिति (NEC) आपदाओं के प्रति समय पर और प्रभावी प्रतिक्रिया के लिये नीतियाँ, योजनाएँ तथा दिशा-निर्देश तैयार करने हेतु यह एक शीर्ष निकाय है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

प्रश्न:198 एआईएम-प्राइम (AIM-PRIME) कार्यक्रम के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह कार्यक्रम प्रशिक्षण और मार्गदर्शन के माध्यम से विज्ञान आधारित, ठोस प्रौद्योगिकी विचारों को बढ़ावा देता है।
2. इस राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम को विश्व बैंक के सहयोग से अटल इनोवेशन मिशन द्वारा लॉन्च किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 न ही 2

प्रश्न.199 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये::

1. नोट्रे डेम ग्लोबल एडेप्टेशन इनिशिएटिव (ND-GAIN) UNFCCC के जलवायु परिवर्तन अनुकूलन कार्यक्रम का हिस्सा है।
2. ND-GAIN से संबंधित देशों का सूचकांक यह आकलन करता है कि कौन से देशों ने अतिवृष्टि, संसाधन-बाधाओं और जलवायु व्यवधान द्वारा उत्पन्न वैश्विक परिवर्तनों से निपटने के लिये बेहतर संरचना तैयार की है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.200. CrPC की धारा 144 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह भारत में एक राज्य/केंद्रशासित प्रदेश के मजिस्ट्रेट को एक निर्दिष्ट क्षेत्र में चार या अधिक लोगों के एकत्रित होने पर रोक लगाने के आदेश की शक्ति देता है।
2. यह अधिकारियों को क्षेत्र में इंटरनेट पहुँच को अवरुद्ध करने का अधिकार देता है।
3. इस धारा के तहत कोई भी आदेश 2 महीने से अधिक समय तक प्रभावी नहीं रह सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

Q.201 भारत में वन से संबंधित संवैधानिक प्रावधानों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वन, सातवीं अनुसूची के अंतर्गत राज्य सूची का विषय हैं।
2. अनुच्छेद-48 एक राज्य को वनों की सुरक्षा संबंधी अधिदेश देता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2
D. न तो 1 और न ही 2

उत्तर: B

व्याख्या:

- भारत के संविधान की समवर्ती सूची (सातवीं अनुसूची) में वन शामिल हैं।
  - 42 वें संशोधन अधिनियम, 1976 के माध्यम से जंगली जानवरों और पक्षियों के संरक्षण को राज्य सूची से समवर्ती सूची में स्थानांतरित कर दिया गया। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- संविधान के अनुच्छेद 51 A (g) के अनुसार, वनों और वन्यजीवों सहित प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा और सुधार करना प्रत्येक नागरिक का मौलिक कर्तव्य होगा।
- राज्य नीति के निदेशक सिद्धांतों में अनुच्छेद 48 A के अनुसार, राज्य पर्यावरण में सुधार और देश के वनों और वन्यजीवों की रक्षा करने का प्रयास करेगा। अत: कथन 2 सही है।

Q.202 हाल ही में समाचारों में रही मनोदर्पण पहल निम्नलिखित में से किस मंत्रालय द्वारा शुरू की गई है?

A. शिक्षा मंत्रालय
B. सामाजिक न्याय मंत्रालय
C. स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
D. महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

Q.203 ई-वीजा के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये::

1. यह तीन श्रेणियों नामत: पर्यटन चिकित्सा तथा शिक्षा में प्रदान किया जाता है।
2. विदेश मंत्रालय वह नोडल मंत्रालय है जो विदेशियों को वीजा जारी करता है।
3. E-Visa की सुविधा विदेशी राजनयिकों पर भी लागू होती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

प्रश्न:204 निम्नलिखित पर विचार कीजिये:

1. ग्रेहाउंड
2. ऑपरेशन ग्रीन हंट
3. समाधान
4. आकांक्षी ज़िला कार्यक्रम

भारत में वामपंथी उग्रवाद पर अंकुश लगाने के लिये सरकार द्वारा उपर्युक्त में से कौन-सी पहलें की गई हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 2 और 4

D. 1, 2, 3 और 4

प्रश्न 205: हाल ही में लॉन्च किये गए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) आधारित पोर्टल 'SUPACE' का उपयोग निम्नलिखित में से किस लिये किया जाता है?

A. GPS सिस्टम और ब्लूटूथ का उपयोग करके कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों को ट्रैक करने के लिये।

B. डिजिटल साधनों से सीखने में छात्रों की सहायता करने के लिये।

C. टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्द्धी बोली के माध्यम से कोल ब्लॉक आवंटन के लिये।

D. न्यायिक अनुसंधान में न्यायाधीशों की सहायता करने के लिये।

प्रश्न:206 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. एकीकृत स्वास्थ्य सूचना प्लेटफॉर्म (IHIP) एक उन्नत रोग निगरानी प्रणाली है।
2. IIHP एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम (IDSP) का एक उन्नत संस्करण है।
3. IDSP को विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के सहयोग से शुरू किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

Q.207 भारत में अफीम की कृषि के विषय में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?:

1. भारत में नारकोटिक्स आयुक्त भारत में अफीम की खेती और उत्पादन के संबंध में सभी शक्तियों का उपयोग करता है।
2. वर्तमान में भारत केवल मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में अफीम की खेती की जाती है।
3. भारत को निर्यात के लिये अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अफीम की खेती करने की अनुमति नहीं है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2 और 3

C. केवल 3

D. केवल 1 और 3

Q.208 राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय न्यायाधिकरण (NCLAT) के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसका गठन कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत किया गया है।
2. यह केवल राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (NCLT) के आदेशों के खिलाफ अपील सुन सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

प्रश्न209 : राष्ट्रीय हरित अधिकरण के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. NGT की स्थापना के साथ भारत एक विशेष पर्यावरण न्यायाधिकरण (SET) स्थापित करने वाला पहला विकासशील देश बन गया है।
2. NGT की चेयरपर्सन भारत की केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त की जाती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

Q.210 निम्नलिखित पहलों पर विचार कीजिये:

1. मार्गदर्शन और मार्गदर्शक पहल
2. उच्चतर अविष्कार योजना (UAY)
3. मनोदर्पण पहल
4. सरल (SARAL) पहल

उपर्युक्त में से कौन-सी पहलें भारत में तकनीकी शिक्षा को बेहतर बनाने के लिये शुरू की गई हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 3 और 4
C. केवल 1, 2 और 4
D. 1, 2, 3 और 4

प्रश्न:211 'राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसके तहत लाभार्थियों को मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाता है।
2. इसके तहत गरीबी रेखा से नीचे (BPL) के तहत केवल परिवारों की खाद्य मांगों को पूरा करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

प्रश्न: 212 राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह पूरे देश में उच्च शिक्षा संस्थानों को वित्त पोषण प्रदान करता है।
2. यह एक केंद्र प्रायोजित योजना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.213 . निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (I4C) इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत स्थापित किया गया है।
2. I4C साइबर अपराध से संबंधित सभी कानूनी सहायता संधियों (MLAT) के कार्यान्वयन संबंधी गतिविधियों को अन्य देशों के साथ समन्वयित करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.214 'के.एस. पुट्टास्वामी बनाम भारत संघ, 2017' मामले का ऐतिहासिक निर्णय निम्नलिखित में से कौन से अधिकार का संरक्षण करता है?

A. भोजन का अधिकार
B. शिक्षा का अधिकार
C. निजता का अधिकार
D. भाषण का अधिकार

Q215 . 'क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग बाइ सब्जेक्ट' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. शीर्ष 100 सब्जेक्ट रैंकिंग में भारतीय विश्वविद्यालयों/ संस्थानों की संख्या में वृद्धि हुई है।
2. भारत का कोई भी निजी संस्थान वैश्विक रूप से शीर्ष-100 में स्थान नहीं बना पाया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

प्रश्न 216: 'ओवरसीज़ सिटीज़न ऑफ इंडिया' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. OCI कार्डधारक किसी भी उद्देश्य के लिये भारत आने हेतु एकाधिक प्रवेश पाने और आजीवन वीज़ा प्राप्त करने के हकदार हैं।
2. उन्हें भारत में पत्रकारिता से संबंधित कार्यों को करने के लिये पूर्व अनुमति की आवश्यकता होती है।
3. स्मारकों में प्रवेश शुल्क के मामले में OCI कार्डधारकों के अधिकार आम भारतीय नागरिकों के समान हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 2 और 3
B. केवल 1 और 2
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

Q.217 . निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि योजना के कार्यान्वयन के लिये आयुष मंत्रालय जिम्मेदार है।
2. जन औषधि केंद्रों की स्थापना स्वयं सहायता समूहों और गैर सरकारी संगठनों द्वारा अस्पताल परिसर के बाहर कहीं भी की जा सकती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q218 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (TRAI) की स्थापना एक कार्यकारी आदेश द्वारा की गई थी।
2. ट्राई के सहायक और विवाद कार्यों के समाधान करने के उद्देश्य से दूरसंचार विवाद निपटान और अपीलीय न्यायाधिकरण (TDSAT) की स्थापना की गई है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

प्रश्न:219 राष्ट्रीय तापविद्युत निगम (NTPC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह ऊर्जा मंत्रालय के तहत एक केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम (PSU) है।
2. यह एक महारत्न कंपनी है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.220 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ऊर्जा दक्षता ब्यूरो नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के अंतर्गत एक वैधानिक निकाय है।
2. पवन ऊर्जा क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिये ऊर्जा दक्षता उद्यम (E3) प्रमाणपत्र कार्यक्रम शुरू किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.221 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. राज्य निर्वाचन आयोग को राज्य में विधानसभा और स्थानीय निकायों के चुनाव आयोजित करने का दायित्व सौंपा गया है।
2. राज्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.222 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना (MPLAD) एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है।
2. MPLAD योजना ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित की जाती है।
3. राज्यसभा और लोकसभा दोनों के नामित सदस्यों को MPLAD योजना का लाभ नहीं मिलता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

Q.223 वाहन स्क्रैपिंग नीति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस नीति को सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा तैयार किया गया है।
2. इसमें वायु प्रदूषण को कम करने और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने की परिकल्पना की गई है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.224 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ग्राम उजाला कार्यक्रम एक ऐसी योजना है जो ग्रामीण क्षेत्रों में सस्ते एलईडी बल्ब प्रदान करती है।
2. ग्राम उजाला कार्यक्रम को पूर्णरूप से बिजली मंत्रालय से प्राप्त सब्सिडी द्वारा वित्तपोषित किया जाएगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो1 और न ही 2

Q.225 लोकपाल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. लोकपाल एक संवैधानिक निकाय है।
2. लोकपाल का मंत्रियों पर अधिकार क्षेत्र है, यहाँ तक कि संसद में कही गई बातों के विषय में भी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.226 केंद्रीय सूचना आयोग के विषय में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

1. यह एक संवैधानिक निकाय है।
2. आयोग के सदस्यों की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति की सिफारिश पर की जाती है।
3. मुख्य सूचना आयुक्त के पद या कार्यकाल की अवधि 5 वर्ष या 60 वर्ष की आयु तक होती है।

नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

Q.227 कृषि विकास के लिये अंतर्राष्ट्रीय कोष (IFAD) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. अंतर्राष्ट्रीय विकास के लिये अंतर्राष्ट्रीय कोष संयुक्त राष्ट्र की एक विशेष एजेंसी है।
2. IFAD द्वारा गरीबी, भुखमरी और कुपोषण को समाप्त करने हेतु विकासशील देशों में गरीब ग्रामीण आबादी के साथ मिलकर कार्य किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.228 लघु कृषक कृषि व्यापार संघ (SFAC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. SFAC एक स्वायत्त निकाय है।
2. यह किसान उत्पादक संगठनों (FPO) को बढ़ावा देने हेतु सहायता प्रदान करता है।.

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.229 राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद (NSC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. NSC एक त्रि-स्तरीय संगठन है।
2. इसका गठन वर्ष 2015 में किया गया था।
3. NSC की अध्यक्षता राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार द्वारा की जाती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

Q.230 'ओवरसीज़ सिटिज़न ऑफ इंडिया' (OCI) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इन्हें क्षेत्रीय विदेशी पंजीकरण कार्यालय (FRRO) के साथ अपना पंजीकरण कराना आवश्यक होता है।
2. नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 2015 के माध्यम से भारत सरकार ने वर्ष 2015 में OCI श्रेणी के साथ भारतीय मूल के व्यक्ति (PIO) की श्रेणी का विभाजन किया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.231 भारतीय नौवहन निगम (SCI) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. SCI को वर्ष 2008 में नवरत्न का दर्जा दिया गया।
2. भारत सरकार ने SCI में रणनीतिक विनिवेश हेतु मंज़ूरी प्रदान की है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/ हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.232 राष्ट्रीय फार्मास्यूटिकल्स मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (NPPA) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह प्राधिकरण स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत एक संगठन है।
2. यह प्राधिकरण दवाओं के मूल्य को उचित स्तर पर बनाये रखने के लिये उनके अनियंत्रित कीमतों की निगरानी करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.233 प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा निधि (PMSSN) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह सार्वजनिक खाते में स्वास्थ्य हेतु शेयरों के लिये एकल गैर-व्यापारिक आरक्षित निधि है।
2. इसका उपयोग केवल प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (AB-PMJAY) के वित्तपोषण हेतु किया जाएगा।
3. PMSSN के प्रशासन और रख-रखाव का उत्तरदायित्व वित्त मंत्रालय के पास है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

Q.234 रक्षा अधिग्रहण परिषद (DAC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह परिषद तीन सेनाओं के लिये नई नीतियों और पूंजी अधिग्रहण संबंधी मामलों पर निर्णय लेने वाली सर्वोच्च संस्था है।
2. इस परिषद का नेतृत्व भारत के प्रधानमंत्री द्वारा किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.235 'राष्ट्रीय कैडेट कोर (NCC)' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. एच. एन. कुंजरु समिति की सिफारिश पर NCC का गठन किया गया था।
2. NCC भारतीय सशस्त्र बलों की रक्षा की दूसरी पंक्ति के रूप में कार्य करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.236 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ERCP) परियोजना को विश्व बैंक से धन प्राप्त होगा।
2. ERCP परियोजना का उद्देश्य चंबल और उसकी सहायक नदियों के अधिशेष जल का उपयोग करना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/ हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.237 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. पिछड़े वर्गों के बीच क्रीमी लेयर की अवधारणा को मंडल आयोग मामले के माध्यम से महत्व मिला।
2. 77वें संविधान संशोधन के माध्यम से केवल नौकरियों में प्रारंभिक नियुक्तियों के संदर्भ में आरक्षण का प्रावधान किया गया, पदोन्नति में नहीं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.238 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. केंद्र सरकार को भारत के अनन्य आर्थिक क्षेत्र (EEZ) के भीतर खनिजों पर नियंत्रण रखने का अधिकार है।
2. राज्य सरकार को अपनी सीमा के अंदर मौजूद खनिजों पर नियंत्रण रखने का अधिकार नहीं है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

प्रश्न.239 विदेशी योगदान (विनियम) अधिनियम के विषय में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. FCRA अधिनियम, 2010 को वित्त मंत्रालय द्वारा लागू किया गया था।
2. यह संबद्ध मंत्रालय की अनुमति के बिना विदेशी योगदान स्वीकार करने की असीमित स्वतंत्रता देता है।
3. FCRA (संशोधन) अधिनियम, 2020 सार्वजनिक कर्मचारियों को विदेशी योगदान प्राप्त करने की अनुमति देता है।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

प्रश्न:240 15वें वित्त आयोग द्वारा संसाधन आवंटन को लेकर की गई सिफारिशों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. आयोग ने केंद्र और राज्यों के बीच 50:50 के अनुपात में वर्टिकल हिस्सेदारी को बनाए रखने की सिफारिश की है।
2. राजस्व संसाधनों की हॉरिजेंटल हिस्सेदारी में 'आय के अंतर' मापदंड को सबसे अधिक भार दिया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन- सा/से सही है/ है?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

प्रश्न:241 प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे केवल सबसे पिछड़े ज़िलों में एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट्स प्रोग्राम (Aspirational Districts' Programme) के तहत लागू किया जा रहा है।
2. यह संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्धारित सतत् विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के लक्ष्य 3.1 का अनुपालन सुनिश्चित करती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.242 उपभोक्ता कल्याण कोष के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (CGST) अधिनियम, 2017 के तहत स्थापित किया गया था।
2. इस कोष का संचालन वित्त मंत्रालय द्वारा किया जाएगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

प्रश्न.243 अपराध और आपराधिक ट्रैकिंग नेटवर्क और सिस्टम (CCTNS) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह गृह मंत्रालय के राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस प्लान के तहत स्थापित एक मिशन मोड प्रोजेक्ट है।
2. इसका लक्ष्य पुलिस कार्यालयों की कार्यवाहियों को नागरिक अनुकूल और अधिक पारदर्शी बनाना है।

उपरोक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q244 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. रोहिणी आयोग का गठन अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के उप-वर्गीकरण पर अपनी रिपोर्ट देने के लिये किया गया था।
2. अनुच्छेद 340 पिछड़े वर्गों की स्थितियों की जाँच हेतु एक आयोग के गठन से संबंधित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

प्रश्न 245 : सक्षम पोर्टल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सक्षम पोर्टल को प्रौद्योगिकी सूचना, पूर्वानुमान और आकलन परिषद (TIFAC) द्वारा शुरू किया गया है।
2. TIFAC एक स्वायत्त संगठन है जिसे सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा स्थापित किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. दोनों 1 और 2
D. न तो 1 और न ही 2

प्रश्न:246 'महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी अधिनियम' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर कीजिये:

1. यह अधिकार आधारित ढाँचे के माध्यम से गरीबी जैसे गंभीर विषयों को संबोधित करता है।
2. मनरेगा के तहत मज़दूरी का भुगतान न्यूनतम मज़दूरी अधिनियम, 1948 के अनुरूप किया जाना चाहिये।
3. यह ग्राम सभाओं को उन कार्यों की सिफारिश करने के लिये बाध्य करता है जिन्हें किया जाना शेष है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

Q.247 भारतीय मध्यस्थता परिषद (ACI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 51 ACI की स्थापना हेतु आधार का प्रावधान करता है।
2. मध्यस्थों की नियुक्ति सर्वोच्च न्यायालय द्वारा नामित संस्थाओं के माध्यम से ही की जाएगी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.248 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत सरकार ने सभी भारतीय संस्थाओं के लिये भू-स्थानिक डेटा और सेवाओं तक खुली पहुँच की अनुमति दी है।
2. भारतीय निगमों को अब भू-स्थानिक डेटा एकत्र करने के लिये पूर्व अनुमोदन या लाइसेंस की आवश्यकता नहीं होगी।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.249 संदेश' (Sandes) एप के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (NIC) द्वारा लॉन्च किया गया है।
2. यह एक त्वरित मैसेजिंग प्लेटफॉर्म है जिसका उपयोग केवल सरकारी कर्मचारियों द्वारा किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.250 . नर्चरिंग नेबरहुड चैलेंज के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह छोटे बच्चों और उनके परिवारों के अनुकूल शहरों के निर्माण पर केंद्रित है।
2. इसे आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा विश्व बैंक के सहयोग से लॉन्च किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

प्रश्न:251 वॉश रणनीति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वॉश केवल जल और स्वच्छता के क्षेत्रों से परस्पर संबंधित है।
2. यह रणनीति विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा विकसित की गई है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/ हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

प्रश्न-252: युलु उद्घोषणा निम्नलिखित में किससे संबंधित है?

A. भविष्य की महामारी
B. भाषाई संसाधनों और विविधता की रक्षा
C. जलवायु परिवर्तन
D. अंतरिक्ष का शांतिपूर्ण उपयोग

Q.253 . उजाला योजना (Unnat Jyoti by Affordable LEDs for All) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह योजना ऊर्जा मंत्रालय के तहत ऊर्जा दक्षता सेवा लिमिटेड (EESL) द्वारा कार्यान्वित की जाती है।
2. इस कार्यक्रम के तहत पारंपरिक स्ट्रीट लाइट को एलईडी में बदलने का लक्ष्य रखा गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/ हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q. 254. सामुदायिक वन संसाधन (CFR) अधिकारों के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ये अधिकार राष्ट्रीय वन नीति, 1988 के तहत प्रदान किये गए हैं।
2. इन अधिकारों का दावा केवल उन वनों पर किया जा सकता है जो किसी भी संरक्षित क्षेत्र के दायरे में नहीं आते हैं।
3. ग्राम सभा, वनों में निवास करने वाली अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासियों को दिये जाने वाले वन अधिकारों को निर्धारित करने हेतु ज़िम्मेदार है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

Q.255 . सरस आजीविका मेला, 2021 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (DAY-NRLM) के तहत एक पहल है।
2. इसका लक्ष्य ग्रामीण महिलाओं को अपने कौशल और उत्पादों का प्रदर्शन करने के लिये एक मंच प्रदान करना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/ हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

Q.256. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारतीय संविधान बलात् श्रम के निषेध का प्रावधान करता है।
2. भारत ने बलात् श्रम के उन्मूलन पर अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के अभिसमय की पुष्टि की है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2'

Q.257. डिजिटल इंटेलिजेंस यूनिट (DIU) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. डिजिटल इंटेलिजेंस यूनिट (DIU) को दूरसंचार मंत्रालय के अधीन स्थापित किया गया है।
2. DIU दूरसंचार वाणिज्यिक संचार ग्राहक वरीयता विनियम' (TCCCPR), 2018 का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करेगा

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

Q.258. हाल ही में केरल सरकार द्वारा शुरू की गई 'नमथ बसई' और गूगल द्वारा शुरू की गई 'नवलेखा' पहलों का क्या उद्देश्य है?

A. मातृ स्वास्थ्य में सुधार

B. स्थानीय भाषाओं को बढ़ावा देना

C. फर्जी खबरों पर अंकुश

D. सोशल मीडिया का विनियमन

Q.259. भारत में प्रवासन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इंटर स्टेट माइग्रेंट वर्कर्स एक्ट, 1979 न केवल एक ठेकेदार के माध्यम से पलायन करने वाले प्रवासी मज़दूरों बल्कि स्वतंत्र रूप से प्रवास करने वाले प्रवासियों को भी शामिल करता है।
2. नीति आयोग द्वारा प्रस्तुत राष्ट्रीय प्रवासी श्रम नीति मसौदे में यह सिफारिश की गई है कि सरकारी नीतियों के माध्यम से स्थानीय रोज़गार के अवसर सृजित कर आंतरिक प्रवासन को हतोत्साहित किया जाना चाहिये।
3. वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत में आंतरिक प्रवासियों की कुल संख्या जनसंख्या एक तिहाई से अधिक है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 2 और 3

B. केवल 3

C. 1, 2 और 3

D. केवल 1और 3

प्रश्न:260 'राष्ट्रीय शहरी डिजिटल मिशन' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह मिशन पूर्ण रूप से इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधीन है।
2. यह मिशन भारतीय राज्यों की राजधानियों के लिये एक साझा डिजिटल बुनियादी ढाँचा विकसित करेगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

Q.261. कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन एजेंसी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक पंजीकृत संस्था है जो ज़िला स्तर पर प्रौद्योगिकी के प्रसार के लिये उत्तरदायी है।
2. यह केंद्र सरकार द्वारा 50% और राज्य सरकार द्वारा 50% वित्तपोषित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.262 . लाइट हाउस परियोजना (LHPs) के विषय में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे भारत में संयुक्त राष्ट्र मानव अधिवास कार्यक्रम के एक भाग के रूप में शुरू किया गया है।
2. परियोजना के तहत झारखंड, उत्तर प्रदेश, असम और गुजरात राज्यों के राजधानी शहरों में घरों का निर्माण किया जाएगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.263. रेलटेल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. रेलटेल एक 'महारत्न' सेंट्रल पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज है।
2. इसे भारत नेट परियोजना के कार्यान्वयन के लिये चुना गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q 264. पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारतीय पशु कल्याण बोर्ड की स्थापना 1962 में पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत की गई थी।
2. अधिनियम वैज्ञानिक उद्देश्यों के लिये जानवरों पर परीक्षणों से संबंधित दिशा-निर्देश प्रदान करता है।

उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 न ही 2

Q.265 . समर्पित माल गलियारा या डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. पूर्वी समर्पित माल गलियारा हिमाचल प्रदेश से शुरू होता है और पश्चिम बंगाल में समाप्त होता है।
2. पश्चिमी समर्पित माल गलियारा उत्तर प्रदेश से शुरू होता है और मुंबई में समाप्त होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.266 . राष्ट्रीय कामधेनु आयोग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसका गठन पशुपालन को आधुनिक और वैज्ञानिक तर्ज़ पर करने के लिये किया गया है।
2. यह राष्ट्रीय गोकुल मिशन के एक अभिन्न अंग के रूप में कार्य करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 न ही 2

Q.267. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. खाद्य और कृषि संगठन (FAO) संयुक्त राष्ट्र की एक विशेष एजेंसी है।
2. कोडेक्स एलेमेंट्रिस आयोग (CAC), FAO और WHO के खाद्य मानकों के कार्यान्वयन हेतु उत्तरदायी है।
3. विश्व स्तरीय महत्त्वपूर्ण कृषि विरासत प्रणाली (GIAHS), FAO द्वारा की गई एक पहल है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

प्रश्न:268 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. प्रवासी भारतीय दिवस का आयोजन वर्ष 1915 में महात्मा गांधी की भारत वापसी के उपलक्ष्य में किया जाता है।
2. प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार केवल अप्रवासी भारतीयों द्वारा स्थापित संस्थानों को ही दिया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.269 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. कोयले की गुणवत्ता की निगरानी के लिये केंद्रीय कोयला मंत्रालय द्वारा 'उत्तम' एप लॉन्च किया गया है।
2. केंद्रीय कोयला मंत्रालय द्वारा पारदर्शी ढंग से कोयले के दोहन एवं आवंटन के लिये 'शक्ति' योजना को शुरू किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.270 . प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सभी खाद्य और तिलहनी फसलें तथा वार्षिक वाणिज्यिक/बागवानी फसलें जिनके लिये पिछली उपज के आँकड़े उपलब्ध हैंन इसके दायरे में आती हैं।
2. किसानों के हिस्से की प्रीमियम लागत पर केवल केंद्र सरकार द्वारा सब्सिडी दी जाती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.271 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सुरक्षा मामलों पर मंत्रिमंडलीय समिति की अध्यक्षता गृह मंत्री द्वारा की जाती है।
2. महत्त्वपूर्ण नियुक्तियों, राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दों, भारत के रक्षा व्यय के संबंध में प्रमुख फैसले सुरक्षा मामलों पर मंत्रिमंडलीय समिति (CCS) द्वारा लिये जाते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.272 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. प्रधानमंत्री जी-वन योजना का उद्देश्य 2G इथेनॉल में अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देना है।
2. भारत में गैस के साथ इथेनॉल के सम्मिश्रण का वर्तमान स्वीकृत स्तर 20% है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.273 : भारतीय रेल वित्त निगम (IRFC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह भारतीय रेलवे की एक समर्पित बाज़ार उधार शाखा है।
2. यह रेलवे की अवसंरचनात्मक संपत्ति को लीज़ पर दे सकती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.274 सरकारी ऋण के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारतीय संविधान की सातवीं अनुसूची केंद्र और राज्य दोनों को विदेशी ऋण लेने की शक्तियाँ प्रदान करती है।
2. राज्य सरकारों को नए ऋण लेने के लिये केंद्र की सहमति लेनी होगी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 न ही 2

प्रश्न:275 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. श्रमशक्ति पोर्टल का उद्देश्य जनजातीय प्रवासी श्रमिकों से संबंधित डेटा एकत्र करना और उन्हें मौजूदा कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना है।
2. प्रधानमंत्री वन धन योजना का उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों को जनजातीय उत्पादक कंपनियों के रूप में सशक्त करना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.276 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. रेल भूमि विकास प्राधिकरण (RLDA) रेल मंत्रालय के अधीन एक सांविधिक निकाय है।
2. RLDA द्वारा ट्रांजिट-ओरिएंटेड डेवलपमेंट (TOD) अवधारणा के तहत नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास को मंज़ूरी दी गई है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.277 साइबर अपराधों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. स्पूफिंग हमलों को किसी के कंप्यूटर तक पहुँच या क्षति पहुँचाने और व्यक्तिगत जानकारी एकत्र करने के लिये डिज़ाइन किया गया है।
2. इंटरनेशनल टेलीकम्युनिकेशन यूनियन (ITU) साइबर सुरक्षा मुद्दों से निपटने के लिये संयुक्त राष्ट्र की एक विशिष्ट एजेंसी है।
3. भारत साइबर अपराध पर बुडापेस्ट अभिसमय का हस्ताक्षकर्त्ता नहीं है।

उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. केवल 1 और 3

प्रश्न:278 कोविड -19 प्रदर्शन सूचकांक के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा जारी किया गया है।
2. सूचकांक में न्यूजीलैंड सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला देश है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.279 ' नव भारत साक्षरता कार्यक्रम' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह कार्यक्रम वित्त वर्ष 2022-2027 की अवधि के लिये शुरू किया गया है।
2. यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के साथ संरेखित करने हेतु वयस्क शिक्षा के सभी पहलुओं को शामिल करता है।
3. इस कार्यक्रम का उद्देश्य वयस्क आबादी को केवल मूलभूत साक्षरता और अंकगणित की शिक्षा प्रदान करना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

Q.280 शरणार्थियों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत शरणार्थी अभिसमय, 1951 का पक्षकार नहीं है।
2. भारत में शरणार्थियों को नियंत्रित करने के लिये कोई समर्पित कानून नहीं है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.281 प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. एफआईआर शब्द को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 156 के तहत परिभाषित किया गया है।
2. ज़ीरो एफआईआर मिलने के बाद संबंधित पुलिस स्टेशन द्वारा जाँच शुरू करने हेतु नई एफआईआर दर्ज की जाती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.282 नवीनतम 'हरित हाइड्रोजन/हरित अमोनिया नीति' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. नीति के तहत सरकार उत्पादन के लिये विशिष्ट विनिर्माण ज़ोन स्थापित करने की पेशकश कर रही है।
2. हरित हाइड्रोजन और हरित अमोनिया के उत्पादकों को बंदरगाहों के पास बंकर लगाने की अनुमति होगी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

प्रश्न 283: निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ड्रोन किसान यात्रा भारत में रसायन मुक्त खेती को बढ़ावा देगी।
2. किसान ड्रोन का उपयोग केवल कीटनाशक और पोषक तत्त्वों के छिड़काव हेतु किया जाएगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.284 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. बैंगनी या लैवेंडर क्रांति केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा शुरू की गई थी।
2. अरोमा मिशन के तहत किसानों को केवल पहली बार लैवेंडर की खेती करने के लिये इसके पौधे मुफ्त में दिये गए।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

प्रश्न 285: 'पीएम-केयर्स फंड' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक वैधानिक कोष है, जिसका अध्यक्ष प्रधानमंत्री होता है।
2. 'पीएम-केयर्स फंड' में योगदान कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व व्यय के रूप में योग्य नहीं है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.286 आयुष के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह स्वास्थ्य देखभाल और उपचार की एक पारंपरिक और गैर-पारंपरिक प्रणाली है।
2. इसमें आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध, सोवा-रिग्पा, एलोपैथी और होम्योपैथी शामिल हैं।
3. भारत विश्व की तुलना में आयुष क्षेत्र के बाज़ार में सबसे तेज़ी से विकसित हुआ है जिसकी इस बाज़ार में 50% से अधिक हिस्सेदारी है।

नीचे दिये गए कूट में से सही विकल्प का चयन कीजिये:

A. केवल 1
B. केवल 2
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

Q.287 सशस्त्र बल (विशेषाधिकार) अधिनियम के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह सशस्त्र बलों और "अशांत क्षेत्रों" में तैनात केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों को निरंकुश अधिकार देता है।
2. केंद्र और राज्य सरकार दोनों के पास किसी क्षेत्र को "अशांत" घोषित करने का अधिकार है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.288 भारत में बच्चों की स्थिति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. एनएफएचएस (NFHS)- 5 सर्वेक्षण के अनुसार, स्टंटिंग और वेस्टिंग के स्तर में सुधार हुआ है।
2. एनएफएचएस (NFHS-)- 4 की तुलना में NFHS-5 के अनुसार बच्चों में एनीमिया की घटनाओं में वृद्धि हुई है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.289 भाषा संगम पहल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह हिंदी और अंग्रेज़ी भाषाओं में रोजमर्रा के उपयोग के बुनियादी वाक्य सिखाने की एक पहल है।
2. इसे राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा विकसित किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

प्रश्न 290 'इमिग्रेशन वीज़ा फॉरेनर्स रजिस्ट्रेशन ट्रैकिंग (IVFRT) स्कीम' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. आव्रजन, वीज़ा जारी करने, विदेशियों के पंजीकरण और देश में उनकी गतिविधियों पर नज़र रखने से संबंधित कार्यों को आपस में जोड़ने और अनुकूलित करने का प्रयास करती है।
2. यह विदेश मंत्रालय द्वारा शुरू की जाने वाली मिशन मोड परियोजनाओं में से एक है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.291 राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण (NALSA) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह कानूनी सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के तहत गठित एक वैधानिक निकाय है।
2. कानून और न्याय मंत्री इसके मुख्य संरक्षक होते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.292 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (NHA) को एक वैधानिक निकाय के रूप में गठित किया गया है।
2. NHA आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (AB PM-JAY) के कार्यान्वयन हेतु ज़िम्मेदार है।
3. AB PM-JAY एक स्वास्थ्य बीमा योजना है जो पूरी तरह से सरकार द्वारा वित्तपोषित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

Q.293 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 112 में केंद्रीय बजट को वार्षिक वित्तीय विवरण (AFS) के रूप में वर्णित किया गया है।
2. व्यय, प्राप्तियाँ और घाटा संकेतक केंद्रीय बजट के प्रमुख घटक हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.294 धारा 498A IPC निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

A. न्यायालय की अवमानना
B. व्यभिचार
C. महिला के विरुद्ध क्रूरता
D. अपराध के लिये उकसाना

Q.295 'पीएम गतिशक्ति' हाल ही में समाचारों में रहा है। निम्नलिखित में से कौन इसका सर्वाधिक उपयुक्त वर्णन करता है?

A. अवसंरचना विकास संबंधी पहल
B. पवन ऊर्जा क्षेत्र में ग्लोबल हब बनना
C. 5वीं पीढ़ी के स्टील्थ फाइटर एयरक्राफ्ट का विकास
D. भारत में हाइपरलूप तकनीक लाना

Q.296 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. राष्ट्रीय उच्च शिक्षा योग्यता फ्रेमवर्क (NHEQF) का उद्देश्य एक सामान्य राष्ट्रीय पाठ्यक्रम को बढ़ावा देना है।
2. NHEQF में प्रत्येक स्तर पर छात्र का आकलन करने के लिये प्रमुख पैरामीटर के रूप में संवैधानिक और नैतिक मूल्यों एवं रोज़गार हेतु तैयार कौशल को शामिल किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2